हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 2 अगस्त 2025



# दो दशक से स्नैक कैचर का काम कर रहे वृद्ध की सांप काटने से मौत

## नाग पंचमी के अगले दिन की घटना, अब तक सैकड़ों सांप को पकड़ चुके थे चैतुराम जंघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

दो दशक से अपने साहस और कुशलता से सांप को सुरक्षित पकड़कर अन्यत्र छोड़ने वाले स्नैक कैचर को बुधवार को यह नहीं पता था कि आज वह अपने जीवन का अंतिम सांप को पकड़ेगा, जो उसकी मौत का कारण बनेगा। नागपंचमी के दूसरे दिन बुधवार को ग्राम संड़ी निवासी एक 75 वर्षीय वृद्ध स्नैक कैचर चैतुराम जंघेल का जहरीले सांप के काटने से मौत हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चैतुराम जंघेल बीते लगभग बीस साल से सांप पकड़ने में महारत हासिल कर लिया था। गांव सहित अन्य दूर-दराज के गांव में किसी के घर, दुकान, स्कूल आदि जगह सांप घुस जाने पर उस सांप को पकड़कर बाहर निकालने के लिए प्रमुखता से बुलाया जाता था। सामान्य से जहरीले सांप को सावधानी के साथ पकड़ने में इन्होंने कुशलता हासिल कर लिया था, पर इस बार हुई चूक ने उसकी जान ले ली। मिली जानकारी के अनुसार चैतुराम को हमेशा की तरह खबर मिली कि गांव के सरकारी विद्यालय के समीप एक वर्मा परिवार के घर में जहरीला सांप घुस गया है। उसे सांप को बाहर निकालने बुलाया गया। हर बार की तरह सांप पकड़ने चैतुराम मौके पर पहुंच गया, पर उसे इस बात का अहसास नहीं था कि यह सांप उसके जीवन का अंतिम सांप पकड़ेगा, जो उसकी जीवन ही समाप्त कर देगा। चैतुराम अपने परंपरा अनुसार उस जहरीले सांप को कुशलतापूर्वक पकड़कर एक छोटी बोरी में भर लिया और उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ने जा रहा था। ⏩ शेष पेज 12 पर

### सांप की भी हुई मौत

ग्रामीणों ने बताया कि जिस नाग सांप को चैतुराम ने पकड़ा था, उसकी भी मौत हो गया। चैतु ने सांप को संड़ी पंडरिया के मध्य नाला के समीप छोड़ा था। ग्रामीणों ने दूसरे दिन उस स्थान पर उसी सांप को मरा पड़ा देखा।

**क्षेत्र को क्षति, मिलेगा मुआवजा :** जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार ने स्नैक कैचर चैतुराम के आकस्मिक मौत पर गहरा दुख जताते कहा कि उनकी मौत से पूरे क्षेत्र को क्षति पहुंची है। वह लंबे समय से निःशुल्क सेवा देकर सांप को पकड़कर लोगों को सुरक्षित करता था। यह घटना प्राकृतिक घटना में आता है। उसके परिवार को सरकार की योजना के तहत चार लाख रुपए की सहायता राशि दिया जाएगा।



### लोगों को दिखा रहा था सांप

ग्रामीणों के बताए अनुसार जब वह सांप को बोरी में भरकर जा रहा था, तो गांव के रास्ते में दो दिन जगह लोगों के झुंड के कहने पर बोरी खोलकर उन्हें भी सांप को दिखाया। इसी दौरान क्रोधित सांप ने उसे अपना शिकार बना लिया। सांप के काटने की जानकारी होने के बाद भी चैतु का साहस कम नहीं हुआ। उसने उस सांप को गांव के बाहर सुरक्षित जगह पर छोड़ा और तुरंत गंडई चिकित्सालय पहुंच गया, जहां चिकित्सक प्रशांत सोनी ने बताया कि जहरीले सांप के काटने से जहर तेजी से असर कर रहा था। उसका प्राथमिक उपचार कर तत्काल जिला चिकित्सालय रिफर किया गया।

---

## खबर संक्षेप

### छेड़छाड़ का आरोपी शिक्षक गिरफ्तार



**मोहला।** नाबालिक छात्राओं से छेड़छाड़ करने के मामले की रिपोर्ट पर मोहला पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मोहला थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी प्रधानपाठक द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 22 से 25 जुलाई तक आरोपी जोगीराव खोब्रागढ़े 50 साल निवासी जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी द्वारा छात्राओं से अश्लील बातें करने, गालों को छूना, अभद्र व्यवहार आदि की रिपोर्ट पर थाना मोहला में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस के अनुसार इस मामले में पुलिस टीम गठित कर नाबालिक छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोपी की पतासाजी कर 31 जुलाई को ग्राम मोहला में घेराबंदी कर आरोपी जोगीराव खोब्रागढ़े 50 साल को हिरासत में लिया गया। आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर 31 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

---

## 33 डिग्री से अधिक पर दिन का तापमान, प्रदेश में सबसे गर्म नांदगांव

# मानसून ब्रेक का दोहरा असर: लोगों की सेहत बिगड़ रही, खेती के लिए संजीवनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जुलाई के अंतिम सप्ताह में लगी मानसून की झड़ी पिछले दो-तीन दिनों से थम गई है। अंचल में दिन के समय तेज धूप देखने को मिल रही है। मौसम के इस बदलाव का दोहरा असर दिखाई दे रहा है, जहां तापमान में इजाफा आने से लोगों की सेहत पर नाकारात्मक असर दिखा है। वहीं खेती के लिए मानसून ब्रेक के साथ धूप का आना संजीवनी साबित हो रहा है। खासकर धान की फसल की ग्रोथ में यह धूप काफी मददगार होने की बात किसान कह रहे हैं।

ज्ञात हो कि अंचल में 90 फीसदी से अधिक बोनी के बाद अब किसान खाद छिड़काव के काम में जुट गए हैं। हालांकि खाद की किल्लत की वजह से किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसान सहकारी समितियों में खाद नहीं मिलने पर निजी दुकानों से खरीदी करने मजबूर हो रहे हैं। डीएपी की कमी को देखते हुए वैकल्पिक खाद का उपयोग किया जा रहा है। राज्य में डीएपी के व्यवहारिक विकल्प के रूप में नैनो डीएपी की बड़ी संख्या में भंडारण एवं वितरण की व्यवस्था की गई है। वहीं दूसरी ओर फसल बीमा की अवधि भी अब समाप्त हो गई है। 31 जुलाई तक अंचल में करीबन एक लाख किसानों ने अपनी फसल का बीमा करा लिया है।



### सामान्य से 4 डिग्री अधिक पर तापमान

तीन दिन पहले 26 डिग्री सेल्सियस पर रहने वाला दिन का तापमान, महज 72 घंटे के भीतर आठ डिग्री तक चढ़कर 34 के करीब पहुंच गया है। आलम यह है कि सामान्य से दिन का तापमान 4 डिग्री तक अधिक है, यहीं वजह है कि बच्चों एवं बुजूर्गों में बुखार, सर्दी-खांसी सहित वायरल के लक्षण देखने को मिल रहे है।

### 549 मिमी बारिश

पिछले कुछ सालों में सूखा रहने वाला सावन इस बार बारिश के हिसाब से बेहतर साबित हुआ है। 31 जुलाई तक जिले में 549 मिमी बारिश दर्ज कर ली गई है जो कि सामान्य से 21 फीसदी तक बेहतर है। जिले के सभी ब्लॉक में सामान्य से अधिक बारिश हुई है। ऐसे में खेती के लिए भी किसानों को पर्याप्त पानी मिल गया है। कुछ इलाकों में जरूर खेतों में पानी अधिक भरने की वजह से कुछ दिक्कतें किसानों को हुई है, लेकिन दो-तीन दिनों से ब्रेक लगने की वजह से किसानों को काफी राहत मिली है।

**दो फीसदी प्रीमियम देकर बीमा :** ज्ञात हो कि इस बार भी किसानों को दो फीसदी प्रीमियम राशि देकर फसल बीमा कराने की सुविधा दी गई थी। 31 जुलाई तक बीमा कराने की अवधि तय की गई थी। अंतिम समय से पहले तक जिले में 80 हजार से अधिक किसानों ने फसल बीमा करा लिया था। हालांकि ऑनलाइन एंट्री के अंतिम आंकड़े आने में अभी दो से तीन दिन और लगेंगे।

### 75% पहुंची खाद, डीएपी की कमी

विभागीय आंकड़ों के अनुसार **राजनांदगांव जिले** में अब तक 36,410.6 मीट्रिक टन रासायनिक खाद का भंडारण किया गया है, जो कुल आवश्यकता का 70.66 प्रतिशत है। इनमें से किसानों को अब तक 32,799.1 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है। इसी तरह जिले में बीज की भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है। कुल 10,775.58 क्विंटल बीज का भंडारण किया गया है। जिसमें से 10,239.26 क्विंटल बीज का वितरण किया जा चुका है। जिले में 10,751.90 क्विंटल धान बीज का भंडारण किया गया है। जिसमें से 10,223.60 क्विंटल का वितरण हो चुका है। **मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले** में अब तक 88.73 प्रतिशत रासायनिक खाद का वितरण किया गया है। सहकारी क्षेत्र में कुल भंडारित 15,341.270 मीट्रिक टन उर्वरकों में से 13,612.473 मीट्रिक टन अर्थात 88.73 प्रतिशत उर्वरक का वितरण किया जा चुका है। वर्तमान में समितियों में 1,728.80 मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है। वहीं निजी उर्वरक विक्रेताओं के माध्यम से अऋणी किसानों को 1,944.015 मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किया गया है।

---

# नकबजन गिरोह सपड़ाया पारधी गिरोह के हैं आरोपी



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बीते चार महीनों से जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले पारधी गिरोह के एक दर्जन आरोपियों को पुलिस ने चोरी के सामानों सहित हिरासत में लिया है।

एसपी लक्ष्य विनोद शर्मा ने बताया कि बीते चार महीनों से गिरोह सूनसान घरों या जिन घरों में बुजुर्ग रहते हैं, उन घरों को अपना निशाना बनाते आ रहा था। गंडई में सात और छुईखदान थाना में दो चोरी की वारदातों को लेकर पुलिस काफी परेशान थी और पेट्रोलिंग को लेकर भी सवाल उठ रहा था।

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते सायबर सेल को पुलिस के साथ सक्रिय किया। जिसके बाद कड़यिा जुड़ती गई और आखिरकार पुलिस ने जिले में 9 चोरी की घटनाओं में लिप्त बारह आरोपियों अशोक पिता रूपराम 35 और दुर्गेश पिता कृष्णा 20 दोनों कुकुरमुड़ा खैरागढ़, जितेंद्र पिता बबला 30, गुलाब पिता दशरथ 19 दोनों सोहागपुर बेमेतरा, दुखहरण पिता अलकू 40 ढोलियाकन्हार, मंगल पिता हेमसिंह 35, प्रकाश पिता शिवसिंह 20, रंजीत पिता मौजीराम 32 तीनों सेमरिया बेमेतरा, राजू पिता बलिराम 42 कुसमीबहेरा, अजूबा पिता रामनारायण 28 घटियाखुर्द नंदिनी दुर्ग, फूलचंद पिता सूरजलाल 55 राजपुर धमधा और भागवत पिता लल्लू पारधी 48 साल खजरी को गिरफ्तार कर लिया है। सभी आरोपी पारधी परिवार से हैं।

### आभूषण बरामद

चोरी हुए आठ लाख का आभूषण मंगलसूत्र, सोनपत्ती, लच्छा, पायल और लाकेट सहित चोरी करने उपयोग किए गए तीन मोटर साइकिल और चार मोबाइल सहित अन्य सामानों को पुलिस ने बरामद कर लिया है। वहीं अन्य जिलों के पुलिस थानों में चोरी की वारदातों को लेकर इनकी संलिप्तता की जांच कर रही है।

---

# एनएचएम कर्मचारी संघ का 18 अगस्त से आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ द्वारा आगामी 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन आंदोलन की घोषणा की गई है। उक्त निर्णय पूरे प्रदेश के जिलाध्यक्षों सहित प्रांतीय पदाधिकारियों की बैठक में लिया गया है।

प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अमित मिरी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि 15 अगस्त तक अगर दस सूत्रीय मांगों के निराकरण के लिए कोई फैसला नहीं लिया गया तो 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाएगा। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि मोदी की गारंटी के तहत घोषणा पत्र में 100 दिन में नियमितीकरण करने का वादा किया गया था, लेकिन डेढ़ साल बाद भी वादा पूरा नहीं हो पाया है।

### दस मांगे शामिल

स्वास्थ्य विभाग में संविलियन, नियमितीकरण, ग्रेड-पे निर्धारण, मेडिकल अवकाश की कैशलेस सुविधा, स्थानांतरण नीति का निर्धारण, अनुकंपा, पेंशन सहित अन्य 10 सूत्रीय मांगें रखी गई है। इन मांगों को पूरी करने 15 अगस्त तक का वक्त दिया गया है। मांगे पूरी नहीं हुई तो अनिश्चित हड़ताल की शुरूआत संगठन द्वारा कर दी जाएगी। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं पर असर पड़ेगा।

---

# गणेश पर्व: प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे कलाकार, आंख बनाने में लग रहा अधिक समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के ऐतिहासिक गणेश उत्सव पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। शहर के विभिन्न गणेश समितियों की तैयारी के बीच मूर्तिकार भी गणेश प्रतिमा बनाने में जुटे हुए हैं। आगामी 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जाएगा। जिसको लेकर मूर्तिकारों ने लगभग दो माह पहले से ही भगवान गणेश की प्रतिमा बनाने का सिलसिला शुरू कर दिया था। शहर के पंडालों में छोटी-बड़ी सैकड़ों गणेश प्रतिमाएं विराजमान होगी। वहीं घरों, दुकानों और दफ्तरों में भी गणेश प्रतिमाएं विराजित होने को देखते हुए मूर्तिकारों ने इस वर्ष भी सैकड़ों प्रतिमाएं बनाई है। भगवान गणेश की विभिन्न मुद्राओं और आकार में प्रतिमा बनाने मूर्तिकार जुटे हुए हैं। इस वर्ष भी आकर्षक गणेश प्रतिमाएं बनाई जा रही है। जिसमें 10-12 फीट तक की प्रतिमाएं शहर में बन रही है।

### प्रतिमा निर्माण की लागत बढ़ी

गणेश प्रतिमाएं बनाने पश्चिम बंगाल से पहुंचे मूर्तिकार कृष्णा ने बताया कि लगभग तीन-चार पीढ़ी से उनका परिवार प्रतिमा बनाने का काम करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि पहले प्रतिमा निर्माण में खर्च कम आता था, लेकिन अब लागत काफी बढ़ गई है और मुनाफा ज्यादा नहीं निकलता है। वहीं उन्होंने बताया कि शहर की कुछ समितियों ने आर्डर दिया हुआ है। जिसके अनुसार प्रतिमा बनाई जा रही है। जिसमें 3 फीट से लेकर लगभग 10 फीट तक की प्रतिमा बनाई गई है। उन्होंने बताया कि उनके पास लगभग 250 से लेकर 35 हजार रुपए तक की प्रतिमा बन रही है।

### अब जगह-जगह नहीं बनती प्रतिमा

लगातार बढ़ती महंगाई और प्रतिमा बनाने अच्छी मिट्टी नहीं मिल पाने की वजह से मूर्तिकारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मूर्तियों में बेहतर फिनिशिंग लाने के लिए अच्छे रंगों का उपयोग करना पड़ता है, जो काफी महंगे आते हैं। बढ़ती महंगाई के बीच प्रतिमा का सही दाम नहीं मिल पाने के चलते कुछ लोगों ने अपना व्यवसाय भी बंद कर दिया है। शहर में पहले जगह-जगह गणेश प्रतिमाएं बनाई जाती थी। वहीं अब कुछ जगहों पर ही प्रतिमा का निर्माण होता है। जिसमें भी स्थानीय मूर्तिकार कम ही हैं।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
डॉ. जाहिद के. खान
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध: ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर
• सीने में भारीपन • धड़कन का कम या ज्यादा होना
• उच्च रक्तचाप, • चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक
• ब्लड शुगर, • थायराइड • कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन,
• चलने पर सांस फूलना, • पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व खराब होना आदि रोगों का उपचार.
• कंधों में जकड़न,
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

---

## पोस्ट ऑफिस के जरिये देश-विदेश भेजी राखियां, भेज रही बहनें

# सज गया राखी बाजार...कार्टून, चांदी सहित फैंसी राखियों की डिमांड, आकर्षक लूंबा की भी मांग, दाम 20% बढ़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाई-बहन के स्नेह का पर्व रक्षाबंधन को लेकर बाजार सहित विभिन्न स्थानों पर राखियों की दुकानें सजने लगी है, जहां से लोगों ने खरीदी भी शुरू कर दी है। रेशम की डोरी सहित काटूर्न व कई प्रकार की एक से बढ़कर एक राखियां लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने लगी है।

अगस्त माह लगते ही लगातार पर्वों की श्रृंखला है। खासकर घर-घर में हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने वाले भाई-बहन के स्नेह का पर्व रक्षाबंधन 9 अगस्त को है, जिसे लेकर लोगों ने तैयारियां भी शुरू कर दी है। बाजार में सप्ताहभर पहले से ही राखियों की दुकानें सजने लगी है। शहर के बाजार इलाके से लेकर मोहल्लों व चौक-चौराहों में राखियों की अस्थायी दुकानें भी खुल चुकी है।



### बाजार में बढ़ेगी रौनक

इधर रक्षाबंधन पर्व को लेकर बाजार में भी चहल-पहल बढ़ने लगी है। राखियों की दुकान के अलावा कपड़े, ज्वेलरी, सौंदर्य प्रसाधन सहित अन्य दुकानों में खरीदी के लिए लोगों की अच्छी चहल-पहल होने लगी है। आगामी दिनों में बाजार में रौनक और भी बढ़ने की संभावना है। बताया गया कि दूर-दराज में रहने वाले भाईयों के लिए अभी से ही राखियां खरीदकर प्रेषित की जाने लगी है। पर्व को लेकर घर-घर में व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई है।

### राखियों में महंगाई का असर

राखी व्यवसायियों ने बताया कि महंगाई का असर राखियों पर भी पड़ा है। बाजार में 10 रुपए से लेकर साढ़े चार सौ रुपए तक की एक से बढ़कर एक राखियां उपलब्ध है। जिसमें रेशम की डोरी, जरी, लुम्बा, एडी सहित कई प्रकार की राखियां है। खासकर बच्चों के लिए कार्टून के पात्र वाली कई किस्म की राखियां हैं, जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने लगी है। शहर के बाजार के अलावा ग्रामीण इलाकों के साप्ताहिक बाजार से लेकर नियमित बाजार में भी राखियों की दुकानें सजकर तैयार है। व्यापारियों ने बताया कि वर्तमान में रखियों की मांग लोगों के बीच है, लेकिन आगामी दिनों में मांग बढ़ने की संभावना है।

गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस, ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### अंजोरा के शीतला मंदिर में चोरी

**अंजोरा।** ग्राम के शीतला मंदिर में अज्ञात चोरों ने बीती रात चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर मंदिर से एक साउंड बॉक्स, दान पेटी और माता का सोने की तीन पत्ती चोरी कर ले गए। चोर लगभग 25 से 30 हजार का समान ले गए है। मंदिर समिति ने पुलिस चौकी अंजोरा में घटना की रिपोर्ट दर्ज करा दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

### मारवाड़ी धर्मशाला समिति के चुनाव जल्द

**डोंगरगढ़।** अग्रवाल सभा डोंगरगढ़ के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण अग्रवाल ने विज्ञप्ति में बताया कि मारवाड़ी धर्मशाला के चुनाव इस माह के अंतिम




सप्ताह या सितंबर के प्रथम सप्ताह में होगा। मारवाड़ी धर्मशाला में तीन श्रेणियों में 11 सदस्यों का चुनाव होना हैं। संरक्षण श्रेणी में 5, आजीवन श्रेणी में 3 एवं साधारण श्रेणी में 3 सदस्यों के चुनाव होंगे। चुनाव में अग्रवाल, ओसवाल एवं माहेश्वरी समाज के मतदाता भाग लेंगे। वर्तमान में अध्यक्ष किशन अग्रवाल हैं। उन्होंनें चुनाव कराने की जिम्मेदारी तीनों समाज के अध्यक्ष की उपस्थिति में दी हैं। चुनाव के लिए समिति का गठन किया गया हैं जिसमें सिद्धगोपाल नरेड़ी, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, किशन अग्रवाल, महेन्द्र अग्रवाल, संजय नरेड़ी, सुनील तापड़िया अध्यक्ष माहेश्वरी समाज, मनोज भंडारी अध्यक्ष ओसवाल समाज, मनीष दरगढ़, प्रणय अग्रवाल सहित अन्य शामिल हैं।

### ताइक्वांडो में शौर्य का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**डोंगरगढ़।** खालसा पब्लिक स्कूल डोंगरगढ़ की कक्षा 12वी वाणिज्य संकाय के छात्र शौर्य मिश्रा ने सीबीएसई जोनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता मे भाग लिया। बीते दिनों मेघालय की राजधानी शिलांग में आयोजित ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शौर्य मिश्रा ने सिल्वर मेडल जीत कर नेशनल खेल में जगह बनाया। वह इससे पूर्व भी विभिन प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त कर चुका है। शौर्य को माता-पिता, विद्यालय परिवार ने बधाई दी है।

### तुलसी जयंती पर रंगारंग आयोजन

**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में



तुलसीदास जयंती धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रकाश यादव, आचार्य सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू, बोधन भारद्वाज एवं देवीसिंह ठाकुर शामिल हुए। पूजा अर्चना के बाद भैया बहनों ने सुमधुर भजन प्रस्तुत किया। तत्पश्चात गीत, कहानी, कविता, दोहा की प्रस्तुति निशांत जैन, दीक्षा मेश्राम, तुषार महोबिया, गर्वित जैन, रविंद्र यादव, ईशिका महोबिया, रेयान देवांगन, माधुर्य देवांगन ने दिया। श्री ठाकुर ने तुलसीदास के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। सुरेश वैष्णव ने तुलसीदास को महान संत बताया। प्रकाश यादव ने रामचरित मानस आदि ग्रंथों की शिक्षा को आत्मसात करने कहा। संचालन ऋषभ वाल्दे, तानी सिंह, प्रतिभा वर्मा ने किया।

### जयंती समारोह आज से आलीवारा में

**तुमड़ीबोड़।** श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान जिला ईकाई राजनांदगांव के तत्वावधान में दो दिवसीय तुलसीदास जन्मोत्सव का आयोजन 2 एवं 3 अगस्त को आलीवारा में रखा गया है। विधायक दलेश्वर साहू के फार्म हाउस में आयोजित कार्यक्रम में सभी ब्लाक की दो मानस मंडली तथा दो प्रवक्ता शामिल होंगे। पहले दिन 2 अगस्त को विधायक दलेश्वर साहू ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करेंगे। मंगलाचरण की प्रस्तुती परमेश्वरी महिला मानस मंडली मेढ़ा देगीह। प्रवक्ता के रूप में शंकर साहू, हरभजन सिंह भाटिया, तामेश्वर साहू शामिल होंगे। इस मौके पर कला निकेतन मानस मंडली भेडीकला, राम संदेश मानस मंडली हर्राटोला, गजानन मानस मंडली आरी कोनारी की प्रस्तुती होगी।

## जबलपुर जाने के लिए मिलेगी नई सुविधा


# धर्मनगरी में भी थमेंगे नई इंटरसिटी एक्सप्रेस के पहिये

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

जबलपुर की ओर से आने वाले लोगों को धर्मनगरी पहुंचने के लिए कई ट्रेन सुविधा मिलने वाली है। रेल्वे ने जबलपुर से रायपुर के बीच चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस का स्टापेज यहां निर्धारित किया है। यह ट्रेन पहले दिन से डोंगरगढ़ में स्थाई रूप से रुकेगी।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल ने बताया कि जबलपुर से रायपुर के बीच चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस 3 अगस्त से प्रारंभ होगी। नगर की जनता की मांग को देखते हुए सांसद संतोष पांडेय ने प्रयास कर इसका स्टॉपेज करवाया है। उन्होंने बताया कि अब तक जबलपुर से डोंगरगढ़ के लिए सीधी एक्सप्रेस ट्रेन नहीं थी। उल्लेखनीय है कि जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में जबलपुर क्षेत्र से चंद्रगिरी तीर्थ प्रतिदिन आते हैं। अब उन्हे आने के लिए सीधी सुविधा हासिल होगी। इस पहल के लिए उन्होंने सांसद श्री पांडेय का आभार व्यक्त किया है। डोंगरगढ़ विकास मंच के अध्यक्ष गोपाल खेमुका, सचिव केके वर्मा ने भी सांसद पांडेय को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### दर्शनार्थियों की संख्या में बढ़ोतरी की संभावना



### ट्रस्ट ने किया स्वागत

जबलपुर- रायपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का डोंगरगढ़ में स्टापेज दिलाने पर सांसद संतोष पांडे का माँ बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया की धर्मनगरी में नवरात्रि के अलावा अन्य दिनों में बड़ी संख्या में दर्शनार्थी आते हैं। इस ट्रेन के चालू होने से जबलपुर क्षेत्र के लोगों की आवाजाही बढ़ेगी। उन्होंने उम्मीद जताया है कि अन्य लंबित ट्रेनों का स्टापेज भी होगा।

### कब कहां रूकेगी ट्रेन

जानकारी के अनुसार इंटरसिटी एक्सप्रेस जबलपुर से 5 अगस्त को सुबह 6 बजे रवाना होगी जो नैनपुर बालाघाट होतें हुए 10.10 बजे गोंदिया पहुंचेगी। डोंगरगढ़ में 2 मिनट का स्टापेज दिया गया है। ट्रेन 11.58 बजे राजनंदगांव , एक बजे दुर्ग तथा 1.50 बजे रायपुर पहुंचेगी। जबलपुर से रायपुर पहुंचने में ट्रेन 410 किलोमीटर की दूरी 7 घंटे 50 मिनट में तय करेगी। इसी प्रकार रायपुर से अपरान्ह 2.45 बजे छूटकर दुर्ग 3.22 बजे, राजनांदगांव 3.48 बजे तथा डोंगरगढ़ 4.13 बजे पहुंचेगी। गोंदिया बालाट नैनपुर होते हुए यह ट्रेन रात 10.45 बजे जबलपुर पहुंचेगी।

# घुमका में धूमधाम से मनेगा आजादी का पर्व

## बैठक में बनी आयोजन की रूपरेखा



हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

स्वतंत्रता दिवस को लेकर नगर पंचायत के सभाकक्ष में शुक्रवार को सीएमओ जीपी देवदास ने नगरवासियों की बैठक ली। बैठक में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाने की रूपरेखा तय की गईं।इस बैठक में शासकीय एवं प्राइवेट स्कूलों के प्रमुख भी शामिल हुए।शिक्षकों से राष्ट्रीय पर्व की रूपरेखा पर सीएमओ देवदास ने रायशुमारी की। तय किया गया कि स्कूलों में ध्वजारोहण के पश्चात बच्चे प्रभातफेरी निकाल कर नगर भ्रमण करते हुए नगर पंचायत के ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल होंगे।ध्वजारोहण पश्चात प्रत्येक स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती होगी।सीएमओ ने बताया कि प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शाला के छात्र छात्राओं को पुरुस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। शासकीय और प्राइवेट स्कूल के पाँचवी, आठवीं, दसवीं और बारहवीं में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। बैठक में फूलमति वर्मा, दिलीप पटेल, पीयूष दुबे, नोहेन्द्र सिन्हा, सेवाराम दुबे, प्रहलाद यादव, डिलेश्वर वर्मा, नवनीतसिंह, छन्नू आडिल, चंदन प्रहरी, बीके साहू,सुलोचना वर्मा, ललिता वर्मा, राजेश सोनी शामिल हुए।

### समन्वय के साथ करें काम



**पटेवा।** जिला भाजपा अध्यक्ष कोमलसिंह राजपूत की मौजूदगी में बुधवार को घुमका भाजपा मंडल के पदाधिकारियों की बैठक पटेवा में रखा गया। जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, सौरभ कोठारी ने श्यामाप्रसाद मुखर्जी के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम शुरु किया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत भगवा गमछा पहनाकर किया गया। मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा ने स्वागत उद्बोधन में सभी कार्य को सभी के सहयोग से करने की बात कहा। जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों का परिचय प्राप्त करने के बाद पार्टी के विचार एवं जन कल्याणकारी योजनाओं को बूथ स्तर तक ले जाने कहा। सभी बूथ में जीत सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करने प्रेरित किया। जिला महामंत्री सौरभ कोठारी, रविन्द्र वैष्णव ने भी सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक में मूलचंद भंसाली, जिपं सभापति किरण विनोद बारले, ललित साहू, ढालसिंग साहू, अश्वनी साहू, धनमत वर्मा, पवन गायकवाड, नूतन साहू, खेमलाल साहू, गोविंदा सेन, तोसन सिन्हा, चैनेज वर्मा, अनिल सिंह राजपूत, बहुर साहू, अजय ठाकुर, राकेश साहू, केदारनाथ साहू, नोहेंद्र सिन्हा, विनोद बारले, अक्षय छत्री, सुरेश ठाकुर, रामकुमार साहू, भारत वर्मा, प्रमोद दुबे, कमलेश वर्मा, बलदेव निषाद, मंगलू साहू, पिंकी पटेल, नागेश्वरी साहू, हुलसी साहू उपस्थित थे।

# खाद की किल्लत से अब तक जूझ रहे किसान

## कम सप्लाई से किसानों की मांग पूरी होने की संभावना कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

आषाढ़ के बाद सावन को खत्म होने में मात्र आठ दिन शेष हैं। यही दो माह किसानों के लिए बेहद खास होते है। इस अवधि में किसान खरीफ फ़सल की बुआई, रोपाई सहित अन्य कार्य करते हैं जिसके लिए सबसे अधिक खाद की जरूरत होती है। खेती किसानी के लिहाज से अहं दिनों में अंचल के किसानों को खाद की किल्ल्त से जूझना पड़ रहा है। मांग और आपूर्ति के अंतर को देखते हुए संकट के सुलझने के आसार दिखाई नहीं दे रहे हैं।

- खाद के लिए सोसायटियों के चक्कर काट रहे किसान

उल्लेखनीय है कि खरीफ फसल की बोनी के शुरूवाती दिनों से अंचल की सोसायटियों में खाद संकट बना हुआ है जो अब तक पूर्ववत बना हुआ है। जानकारी के अनुसार स्थानीय खाद गोदाम से डोंगरगांव, अर्जुनी, खुर्सीटिकुल, दीवानभेड़ी, कुमर्दा, चारभांठा कु, कोकपुर, बादराटोला, खुज्जी, गिदर्री, पांगरीकला, रतनभांट, मटिया, उमरवाही, किरगी और खुर्सीपार सोसायटी में खाद की सप्लाई किया जाता है। जानकारी के अनुसार वर्तमान में 616 टन यूरिया, 305 टन डीएपी, 35 टन पोटाश और 25 टन सुपर फास्फेट खाद की डिमांड है किन्तु आपूर्ति नहीं हो पा रही है।



### जनप्रतिनिधियों ने साधा मौन

गंभीर खाद संकट होने के बाद किसान हितैषी होने का दंभ भरने वाले नेताओं ने चुप्पी साध रखा है। कांग्रेस ने कुछ दिनों पहले ज्ञापन सौंपकर खानापूर्ति कर दिया वहीं भाजपा नेता राज्य में पार्टी की सरकार होने के कारण मौन हैं। नेताओं की चुप्पी किसानों को काफी चुभ रही है।

### भटक रहे किसान

मांग के अनुसार सोसायटियों में खाद की आपूर्ति नहीं होने से किसान भटक रहे हैं। पहली बार यह देखने मिल रहा है कि बोनी के सीजन में खाद की भारी किल्लत बनी हुई है। सोसायटियों में खाद नहीं मिलने के बाद किसान मजबूरी में खुले बाजार से डेढ़ से दो गुना दाम पर खाद खरीदकर खेतों में डाल रहे हैं। महंगी खाद लेने से लागत बढ़ रही है जिससे आने वाले समय में किसानों को नुकसान उठाना पड़ेगा। खाद की किल्लत से किसान काफी नाराज हैं।

### भाजपा अध्यक्ष ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ ठेलकाडीह

भाजपा तिलई मंडल की बैठक गत दिनों जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की मौजूदगी में संपन्न हुई। बैठक में श्री राजपूत के अलावा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव,सौरभ कोठरी शामिल हुए।

शुभारंभ और स्वागत के बाद मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोइर ने पार्टी के सभी कार्य को जिला के मार्गदर्शन में पूरा करने का आश्वासन दिया।जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों का परिचय प्राप्त करने के बाद पार्टी के विचार एवं जनकल्याणकारी योजनाएं को बूथ स्तर तक ले जाने कहा। जिला महामंत्री सौरभ कोठारी, महामंत्री रविन्द्र वैष्णव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मूलचंद भंसाली, अनिता सिन्हा, साकेत वैष्णव, मंजू चंदेल, ललिता साहू, राकेश साहू, यशवंत वर्मा, शेखर यदु, नंदनी सेवता, टीका साहू, हेमंत लहरे, ईश्वर साहू, सुनंदा मैथिलक्षत्री, शशिकला बंजारे, उमाशंकर साहू, डीगेंद्र सिन्हा, संजय साहू, वेदव्यास साहू, टाकेश सिन्हा, अजय ठाकुर, मोहन साहू आदि उपस्थित थे।

## स्टेट बार एसोसिएशन की चुनाव प्रक्रिया शुरू, प्रशांत तिवारी ने भरा नामांकन

**राजनांदगांव।** स्टेट बार एसोसिएशन के बहु प्रतीक्षित चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आज नामांकन का पहला दिन था और नामांकन के पहले दिन ही पहला नामांकन प्रदेश के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत प्रभात तिवारी ने दाखिल किया।

श्री तिवारी इससे पहले भी स्टेट बार काउंसिल के मेंबर रह चुके हैं और वे कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में अधिवक्ताओं के हित के लिए अनेक कार्य किए हैं। जिसमें अधिवक्ता कल्याण निधि में इजाफा प्रमुख है। मुख्यतः वकालत पृष्ठभूमि के श्री तिवारी के पिता प्रभात तिवारी भी बिलासपुर उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता रहे हैं। वे अधिवक्ताओं के हित के लिए सदैव संघर्षरत



रहे हैं। श्री तिवारी के नामांकन दाखिले से माना जा रहा है कि एक बार फिर वे प्रदेश के अधिवक्ताओं के हित के लिए स्टेट बार काउंसिल में दमदारी पूर्वक पक्ष रखेंगे। श्री तिवारी राजनांदगांव जिला अधिवक्ता संघ के साथ-साथ उच्च न्यायालय बिलासपुर के भी वरिष्ठ अधिवक्ता हैं।

बहरहाल स्टेट बार काउंसिल का चुनाव 30 सितंबर 2025 मंगलवार को मां दुर्गा महाअष्टमी के दिन होना है और इस चुनाव में प्रथम वरीयता का वोट महत्व रखता है। प्रथम वरीयता के बाद द्वितीय वरीयता के वोटों की गिनती होती है।

# 23वें तीर्थंकर को चढ़ा 23 किलो का लड्डु

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

जैन समाज ने मुकुट सप्तमी पर्व श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया। सामाजिक जनों ने नई पहल करते हुए 23 वे तीर्थंकर पार्श्वनाथ को मोक्ष कल्याणक के मौके पर 23 किलो का लड्डू चढ़ाया। जैन आचार्य विद्यासागर महाराज की शिष्या और आर्यिका आदर्शमति माता संघस्थ आर्यिका 105 श्वेतमती एवं आर्यिका 105 विदेहमती माता जी के पावन सानिध्य में भगवान का महा मस्तिकाभिषेक किया गया।

उल्लेखनीय है कि मुकुट सप्तमी पर्व जैन समाज के लोगों को भगवान पार्श्वनाथ के जीवन और उनके आदर्शों की याद दिलाता है और उन्हें अपने जीवन में अपनाने प्रेरित करता है। मुकुट सप्तमी के मौके पर सुबह मंदिर में अभिषेक पूजन किया गया। वहीं महिलाओं एवं बालिकाओं ने भक्ति भाव पूर्वक पूजन अनुष्ठान में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत जैन पाठशाला की बालिकाओं के मंगलाचरण से हुई, जिसने वातावरण भक्तिमय बन गया था।



### स्पर्धा में दिखी प्रतिभा

23 ने तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ को मोक्ष कल्याणक के मौके पर जैन समाज के अनुयायियों ने लड्डू चढ़ाकर अपनी श्रद्धा प्रकट किया। पहली बार 23 किलो के लड्डू चढ़ाने का सौभाग्य चातुर्मास कमेटी के अध्यक्ष रमेश जैन राही और उनके परिजनों को मिला। आयोजन के क्रम में लड्डू सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह जानकारी सीए हिना जैन ने दी।

## सामान्य सभा में कई मुद्दों पर चर्चा

# सवालों से विपक्ष ने घेरा अफसरों को

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

जनपद पंचायत में सामान्य सभा की बैठक में मूलभूत समस्याओं पर पक्ष- विपक्ष के जनपद सदस्यों ने बेबाकी से अपनी बात रखी। विधायक प्रतिनिधि के सवालों से अनेक विभागों के अधिकारी घिर गए। बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों की भर्त्सना की गई। कुछ विषयों पर जमकर बहस हुई

सामान्य सभा की बैठक में विधायक प्रतिनिधि टिकेश साहू एवं कुछ सदस्यों ने कार्यों की प्रगति पर असंतोष जाहिर किया। विधायक प्रतिनिधि श्री साहू ने मध्यान्ह भोजन एवं 30 छात्रों पर एक शिक्षक के फार्मूले पर सवाल उठाया। उन्होंने पीएचई अधिकारी को घेरते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों पर सवाल उठाते हुए कहा कि विभाग की कार्यशैली अब तक नहीं सुधरी है। श्री साहू ने वन विभाग के रेंजर से पौधरोपण की प्रगति एवं पौधों की बर्बादी का हिसाब पूछा। विद्युत विभाग के अधिकारी को अघोषित बिजली कटौती पर जमकर सुनाया गया। बार बार बिजली गुल होने पर जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी जाहिर किया। जनप्रतिनिधियों ने विद्युत सप्लाई व्यवस्था को दुरुस्थ करने की मांग की है।

### दस्तावेज जांच की मांग





बैठक में सामान्य प्रशासन के निर्णयों एवं प्रस्ताव को सामान्य सभा में भी चर्चा में लाकर जानकारी देने की मांग सदस्यों ने की। विधायक प्रतिनिधि ने तालाब लीज के मुद्दे पर सामान्य प्रशासन के क्रियाकलापों को सामान्य सभा में चर्चा में लाकर पट्टे एवं दस्तावेज जांच के बाद आगे भेजने की हिदायत सीईओ को दी। इससे आगामी सामान्य सभा तक तालाब लीज प्रक्रिया के लंबित रहने के आसार हैं। बैठक में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के अलावा सरिता साहू, रवि साहू, रेशम साहू, कुमान सिंह, अनिता पंचारी, शोभना पटेल, जया साहू, टुम्मन साहू, उमेश साहू, विवेक भंडारी, सीईओ रोशनी भगत टोप्पो, बीईओ आरएल पात्रे आदि उपस्थित थे।

### जल जीवन मिशन का मुद्दा छाया

जनपद सदस्य सरिता मदन साहू ने बैठक में जल जीवन मिशन के मुद्दे पर अधिकारी को घेरा। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत कोपेडीह पानी टंकी से पानी की सप्लाई नहीं हो रही है जबकि 100 प्रतिशत काम होने की जानकारी दी गई है। उन्होंने गलत जानकारी देने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग किया। उन्होंने यह भी बताया कि आलीखुंटा में अभी तक बोर खनन नहीं हुआ है। गांव में जल समस्या होने के बाद भी हैंडपंप में पाइप नहीं डाला गया है। मिशन के कार्य पर असंतोष जताते हुए कहा कि टंकी की न सफाई किया जा रहा है और न ब्लीचिंग पाउडर डाला जा रहा है। पीएचई के एसडीओ सामान्य सभा की बैठक में शामिल भी नहीं होते।

# इंग्लिश प्रेजेंटेशन में संस्कार वैष्णव प्रथम



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विगत दिनों अंग्रेजी प्रमुख प्रेमचंद साहू एवं प्राचार्य जितेंद्र वैष्णव के मार्गदर्शन में इंग्लिश प्रेजेन्टेशन कांटेस्ट आयोजित किया गया।

इस शैक्षणिक गतिविधि की मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षिका बूंदा वर्मा थी। सर्वप्रथम माँ सरस्वती के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्जलन किया गया। इंग्लिश प्रेजेन्टेशन में दिव्यांका मिश्रा,कशिश, हिना देवांगन, आशीष यादव, लक्ष्य श्रीवास सहित अन्य सम्मिलित हुए। प्रथम स्थान कक्षा द्वादश के संस्कार वैष्णव ने हासिल किया जिन्हे मुख्य अतिथि श्रीमती वर्मा, प्राचार्य श्री वैष्णव ने पुरस्कृत किया। निर्णायक केशव पटेल, डिम्पल चौरे थी।



### कलेक्टर ने छात्रावास का किया निरीक्षण, साफ-सफाई रखने के निर्देश

# बेहतर भविष्य के लिए छात्र जनरल नॉलेज रखें दुरूस्त, करें कड़ी मेहनत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने आज विकासखंड मोहला के स्कूल एवं छात्रावास का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्रावास में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर प्रजापति ने निरीक्षण के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोर्रामटोला पहुंची। वहां उन्होंने स्कूल में पदस्थ शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की संख्या की जानकारी ली। उन्होंने कक्षा का निरीक्षण करते विद्यार्थियों से शैक्षणिक गतिविधियों और उनकी रूचियों की भी जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन प्रदान करते विभिन्न क्षेत्रों में किस प्रकार कैरियर बनाया जा सकता, कैसे तैयारी करनी होगी, जैसे विभिन्न विषयों की जानकारी दी। विद्यार्थियों की रूचियों को सुनकर कलेक्टर प्रजापति ने कहा कि प्रतियोगिता परीक्षा और बेहतर कैरियर बनाने आपको अपने आसपास एवं देश दुनिया में घट रही घटनाओं की जानकारी के साथ ही अपने भविष्य के लिए आपको कड़ी मेहनत करनी होगी।



#### समय पर निर्माण करें पूर्ण

कलेक्टर प्रजापति ने कोर्रामटोला के शासकीय आदिवासी कन्या छात्रावास एवं बालक छात्रावास का निरीक्षण किया। उन्होंने बालक छात्रावास के निरीक्षण के दौरान प्रोजेक्टर रूम, टॉयलेट, मेस एवं कक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने मेस में साफ-सफाई रखनें एवं टॉयलेट को व्यवस्थित रखने के साथ ही मरम्मत हेतु स्टीमेट बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने आदिवासी कन्या छात्रावास का भी निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावास की स्वच्छता की सराहना की। उन्होंने छात्राओं की स्वास्थ्य एवं हीमोग्लोबीन जांच के निर्देश दिए। उन्होंने वॉटर मशीन के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जनपद मोहला सीईओ प्रांजल प्रजापति सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विवाह प्रोत्साहन से बढ़ेगा सशक्तिकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

दिव्यांगजनों के सामाजिक पुनर्वास और उनके जीवन में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। योजना का उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों को विवाह के पश्चात प्रारंभिक आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने प्रोत्साहित करना है।

■ मिलेगी आर्थिक सहायता

योजना के तहत 18 से 46 वर्ष के ऐसे दिव्यांग पुरुष, जो आयकर दाता नहीं हैं, को पात्र माना गया है। यदि विवाह में एक पक्ष दिव्यांग है तो 50,000 की आर्थिक सहायता तथा यदि दोनों वर-वधु दिव्यांग हैं तो 1 लाख की एकमुश्त सहायता राशि प्रदान की जाएगी। यह सहायता विवाह के पश्चात छह माह की अवधि के भीतर आवेदन करने पर दी जाएगी। योजना को अधिक से अधिक हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग ने महिला एवं बाल विकास विभाग और आदिम जाति और अनुसूचित जाति विकास विभाग को पत्र लिखकर निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने विभागों के अंतर्गत चिन्हित किए गए ऐसे दिव्यांग जोड़ों को समाज कल्याण विभाग की इस योजना से लाभान्वित करने समन्वय करें।

#### प्रचार प्रसार करने के निर्देश

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित छग विवाह योजना और अंर्तजातीय विवाह योजना में यदि कोई हितग्राही जोड़ा दिव्यांग श्रेणी में आता है तो उसे भी इस योजना का लाभ दिया जा सकता है। इसके अतिरिक्त जिलों में आयोजित विभिन्न शिविरों, जागरूकता कार्यक्रमों और विभागीय आयोजनों में इस योजना का प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया हैं ताकि अधिक से अधिक दिव्यांग हितग्राही इस योजना की जानकारी प्राप्त कर समयावधि के भीतर आवेदन कर विवाह उपरांत उचित आर्थिक सहायता का लाभ ले सके।

## एनबीआईएस में मनाई गई तुलसीदास जयंती



**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में तुलसीदास जयंती पर शाला में विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला के हेरिटेज क्लब के बच्चों द्वारा तुलसीदास के प्रसंग को जीवंत रूप देते लघु नाटक की प्रस्तुति दी। तुलसीदास जयंती पर शाला में दोहा प्रतियोगिता का आयोजन हिंदी विभाग द्वारा किया गया। दोहा प्रतियोगिता कक्षा नर्सरी से पांचवीं तक तथा दोहा व्याख्या सहित कक्षा छठवीं से नवमीं एवं ग्यारहवीं तक के बच्चों के लिए किया गया था। इस प्रतियोगिता में बच्चों द्वारा दोहा को लयबद्ध सुरों से संजोया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक शाला की हिंदी विभाग की शिक्षिकाएं रही।

# दो जिलों में फंसी सड़क, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

पेंडरवानी और चिलगुड़ा को जोड़ने वाली सड़क की हालत बेहद खराब है। यह सड़क लीमो और मोहगांव होते हुए नेशनल हाईवे से जुड़ती है, लेकिन पिछले चार सालों से मरम्मत न होने के कारण जर्जर हो चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क दो जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और बेमेतरा के बीच होने के कारण उपेक्षा की शिकार हो रही है।

सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे आवागमन मुश्किल हो गया है। बारिश के मौसम में इन गड्ढों में पानी भरने से कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। स्थानीय निवासी कुंभकरण साहू ने बताया कि उन्होंने हाल ही में हुए समाधान शिविर में सड़क निर्माण की मांग की थी, लेकिन उन्हें दो जिलों की सीमा का हवाला देकर टाल दिया गया। रतन सिंह मंडावी, गिरवर धुर्वे और अन्य ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार अधिकारियों और नेताओं से सड़क की मरम्मत और निर्माण की गुहार लगाई है, लेकिन उनकी मांगों को हमेशा नजरअंदाज किया गया। यह सड़क लगभग 15 गांवों को जोड़ती है, जिनकी कुल आबादी 50 हजार से अधिक है। किसानों को भी अपने खेतों तक इसी सड़क से आना-जाना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि दोनों जिलों के अधिकारी और नेता इस समस्या से पल्ला झाड़ रहे हैं।



# विवि में पद्मश्री देवीलाल सामर के जन्म दिवस पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इन्दिरा कला संगीत विवि के लोक संगीत विभाग में प्रसिद्ध लोककलाविद्, लोकनाट्य व राजस्थानी रंगमंडल के प्रख्यात कलाकार पद्मश्री स्व. देवीलाल सामर के जन्म दिवस पर स्मृति देवीलाल सामर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो डॉ राजन यादव विभागाध्यक्ष लोक संगीत थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रभारी कुलसचिव डॉ सौमित्र तिवारी उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. दीपशिखा पटेल सहाप्रा लोक संगीत विभाग रहीं।

मां सरस्वती की प्रतिमा व स्व देवीलाल सामर के तैलचित्र समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों के स्वागत बाद संयोजक डॉ दीपशिखा पटेल ने पद्मश्री स्व सामर के जीवनवृत्त पर प्रकाश डाला। विभाग की छात्रा ईशा बघेल व छात्र हर्ष ने लोक कलाओं व कठपुतली कला के संरक्षण को लेकर उनके योगदान की जानकारी दी। कुलपति ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि आप सौभाग्यशाली हैं कि संगीत-कला के इस विवि में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिल रहा है। विभाग में गाने-बजाने के साथ ही नृत्य की शिक्षा एक साथ मिलने के अलावा इस प्रकार के कार्यक्रम से साहित्यकारों को जानने का अवसर मिल रहा है।



प्रो डॉ राजन यादव ने विद्यार्थियों से कहा कि हमें जहां भी शिक्षा अर्जित करने का अवसर मिले ग्रहण कर लेना चाहिए। कार्यक्रम के माध्यम से साहित्यकारों के बारे में जानने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि एक विद्वान वक्ता को सुनना 500 पुस्तके पढ़ने के बराबर है इसलिए जितना हो सके साहित्यकारों के बारे में जानकारी रखिये। पद्मश्री देवीलाल सामर केवल राजस्थान के ही नहीं बल्कि हिन्दी बेल्ट के लोक साहित्य को लेकर भी काम किए हैं। प्रभारी कुलसचिव डॉ सौमित्र तिवारी ने कहा कि अन्य विश्वविद्यालयों की अपेक्षा यहा के विद्यार्थी अनुशासित हैं। लोक नृत्य लोगों से जुड़ा होता है और लोगों के मध्य समंवय स्थापित करने की क्षमता जिसमें होती है वही सफल हो पाते हैं। विभाग की छात्राओं द्वारा राजस्थान के प्रसिद्ध लोक नृत्य कालबेलिया की प्रस्तुति दी गई। अतिथि व्याख्याता डॉ परमानंद पांडेय द्वारा नारी मन की भावना से ओतप्रोत छत्तीसगढ़ी गीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के दौरान गायन पक्ष में डॉ विधा सिंह राठौर, डॉ परमानंद पांडेय, कु ईशा बघेल, कु साक्षी गढ़पायले, वाद्य संगत में डॉ बिहारी तारम बेंजो, डॉ नत्थू तोड़े हारमोनियम, रामचंद्र सरपे ढोल, डॉ राजकुमार पटेल व थानेश्वर ढोलक, हर्ष चंद्राकर मंजीरा व करण तारम घुंघरू में रहे। अभिनव महोबिया, विनोद वर्मा, भुनेश्वर साहू, अनिल टंडन, खगेश पैकरा, सुखराम साहू, समीर चंद्र साहू का सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में संगतकार डॉ. नत्थू तोड़े द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोक संगीत विभाग के शोधार्थी व विद्यार्थी उपस्थित थे।

# गंडई कॉलेज में तुलसीदास और प्रेमचंद पर संगोष्ठी



**गंडई पंडरिया।** शासकीय महाविद्यालय गंडई में हिंदी विभाग ने दो महान साहित्यिक विभूति गोस्वामी तुलसीदास और मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भक्ति और यथार्थवाद की धाराओं से परिचित कराना था, जिन्होंने हिंदी साहित्य को समृद्ध किया है।

हिंदी विभागाध्यक्ष गावस्कर कौशिक ने कहा कि तुलसीदास ने अपने लेखन में भक्ति, आदर्श और नैतिकता को सर्वोच्च स्थान दिया। वहीं मुंशी प्रेमचंद ने यथार्थवादी लेखन के माध्यम से समाज में बदलाव और चेतना लाने का काम किया है । उन्होंने दोनों के योगदान को हिंदी साहित्य की अमूल्य निधि बताया। इस अवसर पर आयोजित एक क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता में नेमा साहू ने पहला, अब्दुल हसन ने दूसरा और गंगोत्री साहू ने तीसरा स्थान हासिल किया।

इस विशेष कार्यक्रम में प्रोफेसर टीएल वर्मा, प्रोफेसर पीके अमिला, क्रीड़ाधिकारी अनिता पौशार्य सहित अन्य शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# नाले में बहे मृत युवक के घर पहुंची विधायक घर बनाने दिया हर संभव सहयोग का भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जवान बेटे की असमय मौत का दुख गमजदा मां ही बखूबी समझ सकती है इस दुख को झेल चुकी विधायक यशोदा वर्मा बीते दिनों बाढ़ में नाले में बहे मृत युवक अमित यादव के घर दुबारा पहुंची। विधायक ने मृतक कर्म के लिए परिवार को सहयोग राशि दिया वहीं मृतक की मां नीरा यादव को ढांढ़स बंधाते हुए कहा कि अगर किसी कारणवश परिवार को पीएम आवास योजना के तहत आवास नहीं मिला है तो वो खुद सभी के सहयोग से बारिश का मौसम खत्म होते ही पक्का मकान बनाने हर संभव प्रयास करेंगी।

उन्होंने कहा कि यादव परिवार का दुख काफी बड़ा है जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती पर अब आगे मृतक के परिवार को जीवन यापन में कोई तकलीफ़ ना हो इसके लिये वो हरसंभव प्रयास करेंगी। गौरतलब है कि पिछले साल ही विधायक जवान बेटे की मौत का गम झेल चुकी है इसलिये मां के दर्द को करीब से गंभीरता से लेते हुए उन्होंने मृत युवक के परिवार की जिम्मेदारी अपने कांधों पर ली है। मृतक अमित के पिता की छै महीने पहले ही बीमारी में मौत हुई है और अब उसके जाने के बाद घर मे बूढ़ी दादी, मां और तीन बहनें है और घर भी काफी टूटा फूटा हुआ कच्चा किसी अन्य की जमीन पर बना है जिसके चलते उन्हें पीएम आवास का लाभ भी नहीं मिल पाया है।



#### बड़ी बहन को मिलेगा अस्थाई रोजगार

विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने मृतक युवक अमित यादव उर्फ गांधी के परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए शासन स्तर पर भी हरसंभव प्रयास करने और मृतक की बहन को नर्सिंग काम आने की जानकारी मिलने पर सिविल अस्पताल मे जीवन दीप समिति के मार्फत अस्थाई रोजगार भी उपलब्ध कराने का वादा किया ताकि परिवार के पालन पोषण में जरूरी मदद हो सकें। इस दौरान नीलांबर वर्मा, नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, नपा नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, भाजपा नेता व पूर्व पार्षद प्रतिनिधि अय्यूब सोलंकी, राजा सोलंकी सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद थे।



## कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि

**लाल बहादुर नगर।** शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर में कारगिल विजय दिवस देशभक्ति से ओतप्रोत माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर के निर्देशानुसार एवं कार्यक्रम अधिकारी अरुण साहू के नेतृत्व में किया था। कार्यक्रम की शुरुआत में कारगिल में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम में प्राध्यापक प्रो बीआर चंद्रवंशी ने वीर सपूतों की शौर्यगाथा को साझा करते हुए बताया कि भारतीय सैनिकों ने किस प्रकार दुर्गम परिस्थितियों में विजय पताका लहराया था। प्रो. मनोहर बोकड़े ने कारगिल युद्ध के दौरान बर्फीली पहाड़ियों में छिपे आतंकियों के सफाए की गाथा प्रस्तुत की। प्राचार्य डॉ ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कारगिल के वीरों को नमन करते हुए कहा कि भारत वीर सपूतों की भूमि है और जम्मू-कश्मीर न केवल भौगोलिक दृष्टि से, बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी भारत का अभिन्न अंग रहा है। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं से वीरों के बलिदान से प्रेरणा लेने तथा देश के लिए समर्पण की भावना बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी अरुण साहू ने किया। इस अवसर पर डॉ एचएल गायकवाड़, रीना सलामे, सोनल नागवंशी, राजेश चक्रधारी, नम्रता परीक्षा, सूर्यकांत वर्मा, कविता यदु, मनसाराम चंद्रवंशी, गौतम रगड़े, गुप्तेश ध्रुव, हेमप्रकाश, तिलक, हिरेंद्र, लता साहू, लता यादव, अंजनी, वासु, रितेश, डाकेश्वर सहित अन्य उपस्थित थे।

### राजपूत क्षत्रिय महासभा छग रहटादाह का आयोजन

# श्रावण एवं हरेली तीज महोत्सव आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादह पं.क्र. 1282 उप समिति राजनांदगांव महिला मंडल द्वारा श्रावण एवं हरेली तीज महोत्सव चिखली स्थित दीनदयाल भवन में संपन्न हुआ। सावन के झूलों में पदाधिकारी ने अपना आनंद प्रस्तुत किया।

केंद्रीय महिला अध्यक्ष रश्मि सिंह ने कहा कि सावन उत्सव महिलाओं के लिए एक खुशी का दिन रहता है। इसमें महिलाएं अपने वेशभूषा के साथ अपनी कला का प्रस्तुति करती है। विशिष्ट अतिथि तरुणा साहू ने कहा कि वह एक पुलिस विभाग से जुड़े होने के साथ-साथ एक महिला का भी कर्तव्य निभाती है और छत्तीसगढ़ी संस्कृति एवं लोक गायक के रूप में अपनी छाप स्थापित कर रही है। महिलाओं का आज राजपूत समाज की महिलाओं के कला प्रस्तुति देखकर बहुत खुश हुई। इस अवसर पर रश्मि सिंह, छाया ठाकुर, तरूणा साहू, करुणा यादव, शशि चौहान, माधुरी ठाकुर, रीना राजपूत, आरती गौतम, कीर्ति विनोद, माया विनोद, कविता गौतम, दुर्गा चौहान, नर्मदा ठाकुर, सुशीला चंदेल, मीना ठाकुर, रेखा राजपूत, मधु पवार, सुरेखा ठाकुर, छाया ठाकुर, नंदिनी ठाकुर, किरण ठाकुर, सुधा ठाकुर, अंजू ठाकुर, देविका ठाकुर, श्वेता ठाकुर, सत्या ठाकुर, श्रद्धा राजपूत, पिंकी ठाकुर, मनीषा विनोद, संजू चंदेल, ईशा चौहान समेत अन्य लोग शामिल थे। आभार प्रदर्शन शशि चौहन ने किया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ठा. आदर्श सिंह ने दी।



#### महिलाएं हो रही सशक्त

वहीं पूर्व महासभा महिला सचिव छाया ठाकुर ने कहा कि आज समाज की महिला सशक्त, स्वालंबन और समूह के माध्यम से विभिन्न कार्यों से जुड़ रही है और समाज में सक्रियता स्थापित कर रही है। जिसमें विभिन्न कार्यक्रम की प्रस्तुति दिए गए। थाली सजाओ, फैंसी ड्रेस, बच्चों का ग्रुप डांस, महिलाओं का सांस्कृतिक प्रस्तुति, सावन सुंदरी जैसे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सावन सुंदरी के रूप में माधुरी राजपूत, द्वितीय रेखा राजपूत रही। वहीं ग्रुप डांस में बारामासी गीत को ग्रुप प्रथम ऐश्वर्या ग्रुप महिलाओं ने भी थाली सजाओ में आयुषी ठाकुर, पदमनी ठाकुर, ज्योति ठाकुर, सांस्कृतिक प्रस्तुति की नीलम ठाकुर, पिकी ठाकुर, अनु ठाकुर, कविता गौतम, आरती गौतम, रीना राजपूत, शशि चौहान, माया विनोद, विजय लक्ष्मी, मनीषा ठाकुर ने भी प्रस्तुति की। जिसमें भाव्या, परिधी, सुद्धिती, वेदिका, देवोशी, औग्या, अंजली, शर्मिठा, अवन्या, ऐश्वया, दीक्षा, आकृती, ईशा, रौशनी समेत बड़ी संख्या में सामाजिक महिला मंडल के वरिष्ठगण उपस्थित थे।

# शनिवार को स्कूल संचालन पूर्ववत रखने की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

शिक्षा विभाग ने इस सत्र बड़ा बदलाव किया है जिसका जिला शिक्षक संघ ने विरोध करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी लाल जी द्विवेदी को संचालक लोक शिक्षण के नाम आवेदन सौंपा है। आवेदन में शनिवार की कक्षा संचालन के समय में परिवर्तन की मांग किया गया है।

■ अब सुबह 10 से 4 बजे तक लगेगी कक्षाएं

उल्लेखनीय है बीते सत्र शनिवार प्रातः स्कूल लगाया जा रहा था। इस दिन बैगलेस डे होने के कारण छात्रों को खेल, योग एवं अन्य गतिविधि से जोड़ा जाता था। विभाग ने बदलाव कर शनिवार को 10 से 4 बजे तक स्कूल समय निर्धारित किया है। दूर्जन राम जंघेल ने बताया कि संघ ने शनिवार का समय पूर्ववत रखने की मांग किया है। छात्र माह में दो शनिवार बैग के साथ तथा दो शनिवार बैंगलेश आयेंगे। जिसमें विभिन्न गतिविधि कराया जाना है। आवेदन देने के दौरान छग शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष जीवन लाल देवांगन, दुर्जनराम जंघेल, नोहरूराम जंघेल, जयप्रकाश नारायण श्रीवास्तव, हरकराम जंघेल, संतोष कुमार नेताम, पन्नालाल जंघेल मौजूद थे।



#### आज माह का पहला शनिवार

कल माह का पहला शनिवार है। निर्देशानुसार शनिवार को सुबह के बजाए 10 से 4 बजे तक स्कूल लगेगा। शिक्षा विभाग द्वारा जुलाई माह से शनिवार को स्कूल समय में परिवर्तन किया गया है। जानकारी अनुसार माह का पहला एवं तीसरा शनिवार छात्र बैग लेकर स्कूल आएंगे और प्रतिदिन की तरह कक्षा संचालित होगी। दूसरे एवं चौथे शनिवार छात्र बैगलेस आएंगे। इस दिन खेल, योग आदि क्रियाकलाप कराया जाएगा।

## सार समाचार

### मनाई गई गोस्वामी तुलसीदास जयंती

**राजनांदगांव।** नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग एवं ब्रांच जयस्तंभ चौक स्कूल में महाकवि गोस्वामी तुलसीदास की 526वीं जयंती गुरुवार को मनाई गई। इस अवसर पर शाला संचालक नीरज बाजपेयी ने गोस्वामी तुलसीदास के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया और गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित श्री हनुमान चालीसा पाठ का सामुहिक संगीतमय आयोजन किया गया। साथ ही बच्चों के लिए कंठस्थ हनुमान चालीसा पाठ प्रतिस्पर्धा का भी आयोजन किया गया था। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिस्पर्धा में शामिल विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में श्री बाजपेयी द्वारा गोस्वामी द्वारा रचित कुछ दोहों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को अवगत कराकर उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने छात्रों से कहा कि जैसे तुलसीदास ने अपने लगन से भगवान रामजी को पाया। वैसे ही आप अपनी पढ़ाई में लगन लगाकर अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल के डॉयरेक्टर सोनल बाजपेयी, कुंतल बाजपेयी, प्राचार्य आरती पिल्लई, हेड मिस्ट्रेस वैशाली सिंग, स्नेहा तिवारी सहित स्कूल के शिक्षकगण एवं स्टाफ उपस्थित रहे। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।



### अभियान के तहत 38000 पौधों का रोपण

**राजनांदगांव।** हरियाली को समर्पित और मातृ-प्रेम की भावना से ओतप्रोत एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिले में वृहद पैमाने पर पौधरोपण किया गया। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सक्रिय सहभागिता निभाते विभिन्न स्थानों पर पौधरोण किया और जनसामान्य को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिले में 407 ग्राम पंचायतों एवं विभिन्न शैक्षणिक, सामाजिक, औद्योगिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से लगभग 38000 पौधों का रोपण किया गया। एक पेड़ मां के नाम अभियान में जिले की अनेक अग्रणी संस्थाओं ने भाग लिया। इनमें उदयाचल, गायत्री परिवार, समता मंच, आस्था मूकबधिर शाला, अभिलाषा संस्थान, कॉपेडियन विलेजर्स वेलफेयर फाउंडेशन, हरियाली बहन अभियान मां बम्लेश्वरी ग्रुप, चेम्बर ऑफ कॉमर्स, एबीस एक्सपर्ट, जनकल्याण सामाजिक संस्थान, साइट सेवर्स इंडिया फॉर्म, दीपिका विद्यालय, वेसलियन स्कूल, नेहरू विद्यालय सिंघोला, आदर्श विद्या मंदिर लखोली, सृजन हायर सेकंडरी स्कूल सुरगी, सरस्वती शिशु मंदिर पटेवा एवं अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार रक्षक संगठन छत्तीसगढ़ सहित अन्य संगठनों का सक्रिय योगदान रहा।



## कलेक्टर ने आवास कॉलोनी में निर्माणाधीन आवासों का किया निरीक्षण

# शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन और विकास कार्यों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने शुक्रवार को छुरिया विकासखंड के अंतिम छोर में स्थित दूरस्थ वनांचल ग्राम खोभा, जोब एवं पंडरापानी में जमीनी स्तर पर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विकास कार्यों सघन निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने ग्राम खोभा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का जायजा लिया और स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोभा, सड़क चिरचारी एवं भेजराटोला में एएनएम पदस्थ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित होनी चाहिए।

कलेक्टर ने ग्राम खोभा में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवासीय कॉलोनी में निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया और हितग्राहियों से आवास निर्माण के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की महती योजना है।

उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों को समय पर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। हितग्राहियों ने बताया कि उन्हें आवास योजना के तहत सभी किस्त मिल गई है तथा मनरेगा के तहत पारिश्रमिक भी प्राप्त हो गया है।

कलेक्टर ने अधिकारियों को आंगनबाड़ी केन्द्र एवं स्कूल में मरम्मत कार्य के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने जनसामान्य से कहा कि सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने हर संभव प्रयास किया जाएगा।

इस अवसर पर एसडीएम श्रीकांत कोराम, सीईओ जनपद पंचायत होरीलाल साहू, एसडीओ आरईएस जीपी लारिया सहित सरपंच, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।



#### कार्य की ली जानकारी

कलेक्टर भुरे ने ग्राम पंडरापानी में जनसामान्य से रूबरू हुए और शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन तथा उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने किसानों से खाद-बीज की उपलब्धता के संबंध में भी जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि युक्तियुक्तकरण से शाला में शिक्षक की पदस्थापना होने से शिक्षकों की कमी दूर हो गई है। शिक्षा व्यवस्था दुरूस्त होने से ग्रामीण संतुष्ट है।

#### शिक्षा की गुणवत्ता को परखा

कलेक्टर भुरे ने ग्राम जोब में हाईस्कूल का निरीक्षण किया और स्कूल के बच्चों से बातचीत कर शिक्षा की गुणवत्ता को परखा। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों से विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं एवं शिक्षकों की नियमित उपस्थिति के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने प्राचार्य को स्कूल में मरम्मत सहित अन्य कार्यों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम जोब में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छाग्राही समूह द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।

### एनबीआईएस के नैवेद्य रहे द्वितीय



**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी के कक्षा चौथी के छात्र नैवेद्य कौशिक ने 30 जुलाई को रामायण प्रचारक समिति ब्राह्मणपारा द्वारा आयोजित तुलसीदास जयंती पर श्री रामचरित मानस व्याख्यान प्रतियोगिता अ वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर शाला परिवार को गौरवान्वित किया।

ज्ञात हो कि प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गई थी। अ वर्ग में कक्षा दसवीं तक तथा ब वर्ग में दसवीं से ऊपर तक के बच्चों ने भाग लिया। शाला के छात्र नैवेद्य अपने वर्ग में सबसे कम उम्र के प्रतिभागी थे। नैवेद्य को समिति द्वारा प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह के साथ ही नगद राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। नैवेद्य का मार्गदर्शन शाला के संगीत शिक्षक हेमंत हिरवानी द्वारा की गई। नैवेद्य की इस उपलब्धि पर शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, सोनल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान व शिक्षकों ने बधाई दी।

## रेलवे क्रॉसिंग पर समस्या, पार्षद के साथ वार्ड के लोगों ने किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के गौरीनगर, स्टेशनपारा क्षेत्र के लोगों ने रेलवे क्रॉसिंग में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष एवं पार्षद हफीज खान के नेतृत्व में स्टेशन प्रबंधक कार्यालय का घेराव किया।

गौरीनगर रेलवे क्रासिंग पर आवागमन में लोगों को समस्याएं हो रही है, यहां आए दिन दुर्घटनाएं होती है। गुरुवार को भी रेलवे क्रॉसिंग के समीप नाले में रेलिंग नहीं होने की वजह से एक कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसके बाद आज गौरीनगर वार्ड के लोगों ने रेलवे स्टेशन प्रबंधक कार्यालय का घेराव किया और बदहाल व्यवस्था के लिए नाराजगी जाहिर करते स्टेशन उप प्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान पूर्व पार्षद समद खान और कांग्रेस प्रवक्ता अभिमन्यु मिश्रा ने कहा कि अंडरब्रिज के कार्य में काफी देरी हो रही है।





#### समस्या के निराकरण का आश्वासन

गौरीनगर वार्ड के लोगों ने अंडरब्रिज निर्माण में हो रही देरी को लेकर भी नाराजगी जाहिर की है। रेलवे क्रॉसिंग के समीप व्यवस्था को लेकर उप स्टेशन प्रबंधक सुजीत कुमार ने कहा कि वार्ड के लोगों ने क्रॉसिंग के समीप समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया है। तकनीकी इंजीनियरों से बात कर समस्याओं का निदान किया जाएगा।

#### उग्र आंदोलन की चेतावनी

पार्षद हफीज खान ने कहा कि रेलवे ट्रैक में लगे पाथवे का इंटरलॉकिंग कई जगह से उखड़ गया है और उबड़-खाबड़ मार्ग होने की वजह से आए दिन यहां दो पहिया, चार पहिया व ई-रिक्शा वहां फंस जाते हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे क्रॉसिंग के दोनों और केबल बिछाने गड्ढा किया गया है। जिसमें भी गाड़ियां फंसती है। उन्होंने कहा कि 7 दिन के भीतर अगर रेलवे प्रशासन द्वारा समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो गौरीनगर वार्ड के लोग पटरी पर बैठकर प्रदर्शन करेंगे।

### नीलू तिरंगा यात्रा प्रदेश समिति के प्रदेश संयोजक

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु समिति का गठन किया है। जिसमें भाजपा के युवा नेता नीलू शर्मा को संयोजक मनोनीत किया गया है। वहीं समिति में सदस्यों के रूप में संजय श्रीवास्तव, श्रीमती हर्षिता पांडे, विश्वविजय सिंह तोमर, दीपेश अरोरा शामिल हैं। श्री शर्मा को संयोजक बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।



### प्रशांत का प्रयास में चयन

**राजनांदगांव।** शा.पूर्व मा. शाला मोखला संकुल भर्रेगांव के छात्र प्रशांत कुमार साहू का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय रायपुर में हुआ है। प्रशांत शुरू से ही मेधावी छात्र रहा है। प्रशांत के पिता मदनलाल साहू वर्तमान में ग्राम पंचायत मोखला के उपसरपंच है। पिछले वर्ष भी इस संस्था से एक छात्रा का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय में हुआ था। उक्त छात्र के चयनित होने पर एसके मेश्राम, देवकुमार साहू, संगीता साहू, श्रीमती चुम्मन साहू, अमरीका साहू, डीडी साहू, डीके चंद्राकर, डीके नामदेव ने बधाई दी है।

## शिविर में दूसरे दिन भी दिखा भारी उत्साह





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चेम्बर ऑफ कॉमर्स के तत्वावधान में नई नंबर प्लेट के रजिस्ट्रेशन शिविर में पहले दिन जहां 412 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया। भारी उत्साह को देखते शिविर को एक दिन आगे बढ़ाकर आयोजित किया गया। जिसमें आज सुबह 1 घंटे में ही 250 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया।

चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष कमलेश बैद ने बताया कि इस शिविर में लोगों की सक्रियता के कारण एवं आयोजन में लगे चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी के कारण लोगों ने विश्वास किया और बढ़-चढ़कर शिविर का लाभ प्राप्त किया। शिविर की सफलता के लिए उन्होंने चेंबर ऑफ कॉमर्स के शिविर प्रभारी अरूण डुलानी एवं हरीश मोटलानी, कोषाध्यक्ष शिव अग्रवाल, नरेश बावरिया, राजकुमार बाफना, नवीन अग्रहरि, महेंद्र सुराणा, नेमीचंद वेद, सुनील कोटडिया, रानू जैन, संयम कोटडिया, प्रकाश वाधवानी सहित परिवहन विभाग एवं पूज्य सिंधी पंचायत का आभार व्यक्त किया है।

### शिवभक्तों का रेला पहुंचेगा जटाशंकर मंदिर

**राजनांदगांव।** श्रावण मास के अंतिम सोमवार 4 अगस्त को नारायणगढ़ चिचोला राम मंदिर से श्री जटाशंकर मंदिर (शिवधाम पर्वत) डोंगरगढ़ तक शिवभक्तों द्वारा जटाशंकर कावड़ यात्रा का शुभारंभ सुबह 8 बजे से प्रारंभ कर जटाशंकर मंदिर की ओर प्रस्थान करेंगे।

## धर्म करने का कोई भी मौका मत चुकिए : वीरभद्र

- शरीर की पीड़ा को भी भक्ति बनाकर आराधना कीजिए

**राजनांदगांव।** श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य जैन मुनि वीरभद्र ने कहा कि धर्म करने का कोई भी मौका मिले तो मत चुकिए। शरीर की पीड़ा को भी भक्ति बनाकर आराधना कीजिए। आप निश्चित ही मोक्ष मार्ग में आगे बढ़ेंगे।

जैन बगीचे के नए हाल में चातुर्मासिक प्रवचन के दौरान मुनि वीरभद्र ने कहा कि कुछ घटनाएं ऐसी होती है। जिससे कुछ लोगों को आनंद आता है और कुछ लोग दुखी हो जाते हैं। सुख-दुख को ध्यान से हटाकर हमें आराधना की ओर ध्यान देना होगा, तभी हमारे भाव मजबूत होंगे। हमें इस भव (संसार) में ही इतनी साधना कर लेनी है कि हम आत्म कल्याण के मार्ग की ओर आगे बढ़ जाएं।मुनि वीरभद्र ने कहा कि संयम जीवन में काफी चुस्तता रहती है और चरित्र निर्मल बनता है। हमारे चरित्र में कोई दोष न लगे, हमें वैसा कार्य करना है। उन्होंने कहा कि धर्म का मूल चरित्र और औचित्य का पालन करना ही है।

मुनि श्री ने कहा कि आज व्यक्ति अपना फायदा देखता है, दूसरे को क्या नुकसान हो रहा है, इससे उसको कोई मतलब नहीं रहता। पड़ोसी के घर तमाशा देखने में लोगों को उत्साह रहता है, किंतु जब अपने घर तमाशा होता है तो वह नहीं चाहता कोई उसे देखे। उन्होंने कहा कि अच्छी खबर फैलने में समय लगता है। जबकि बुरी खबर फैलने में कोई समय नहीं लगता। मुनिश्री ने कहा कि अफवाहों से बचे और अपने आपको ध्यान/साधना में लगाकर आत्म कल्याण के मार्ग की ओर कदम बढ़ाएं। यह जानकारी विमल हाजरा ने दी।

## गुजरात में छाया छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड का स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अहमदाबाद में आयोजित टीटीएफ के पहले दिन 31 जुलाई को उद्घाटन समारोह में जम्मू एंड कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, गुजरात के पर्यटन मंत्री मूलू भाई बेरा, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा, गुजरात के पर्यटन सचिव राजेंद्र कुमार और प्रबंध संचालक विवेक आचार्य ने दीप प्रज्जवलन के साथ टीटीएफ अहमदाबाद का आधिकारिक शुभारंभ किया।



इसके बाद मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने सभी स्टॉल में जाकर उनके प्रतिनिधियों से मुलाकात भी की। टीटीएफ अहमदाबाद के उद्घाटन सत्र के दौरान जम्मू एंड कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और गुजरात के पर्यटन मंत्री मूलू भाई बेरा ने छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के स्टॉल में पहुंचकर छत्तीसगढ़ से आए प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस अवसर पर अध्यक्ष नीलू शर्मा एवं प्रबंध संचालक विवेक आचार्य ने उन्हें छत्तीसगढ़ टूरिज्म सर्किट की जानकारी प्रदान करते टूरिज्म सर्किट की बुकलेट भेंट की और छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों के भ्रमण हेतु आमंत्रित भी किया।

### अपार भीड़ के साथ चल रहा है जादूगर दीप कुमार का जादू

**- बिजनेश प्लस -**



**राजनांदगांव।** गांधी सभागृह म्युनिसिपल हाईस्कूल राजनांदगांव में सुपर स्टार जादूगर दीप कुमार का जादू-शो दर्शकों को भरपूर आनंदित कर रहा है। रोजाना शो में लोग सपरिवार पहुंच रहे हैं एवं जादू-शो देखकर खूब सराहना कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि ऐसा शो राजनांदगांव में पहली बार आया है। रोजाना शो में कुछ न कुछ नया प्रयोग देखने को मिलता है। शो के दौरान माइम मैजिक दर्शकों को खूब लुभा रहा है। रोजाना यहां 2 शो चलते हैं, 4 बजे से एवं सायं 7 बजे से। दर्शकों की बेहद मांग पर रविवार को अब 4 शो दिखाया जाएगा 1 बजे, 4 बजे, सायं 7 बजे एवं रात्रि 9.15 बजे। प्रत्येक शो 2 घंटे का होता है।

प्राचार्य की आवश्यकता
सरदार पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल कुंडा (पंडरिया)
हमारे प्रतिष्ठित विद्यालय में प्राचार्य पद हेतु अनुभवी एवं योग्य शिक्षक/शिक्षिकाओं की आवश्यकता है।
हायर सेकेण्डरी स्तर के अनुभवियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
शैक्षणिक नेतृत्व व अनुशासन में दक्षता आवश्यक।
अवसर का लाभ उठाएं और शिक्षा के क्षेत्र में नेतृत्व करें।
9074799999, 9713149000
स्थान : सरदार पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल कुंडा, तहसील कुंडा पंडरिया, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

पृष्ठ 09 का शेष

### दो दशक से स्नैक कैचर...

परिवार वाले उसे उपचार के लिए कवर्धा चिकित्सालय लेकर गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। चिकित्सालय में पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। ग्राम के सरपंच कैलाश वर्मा ने बताया कि चैतु काफी हंसमुख और मिलनसार मिजाज का था। गांव के बीस किलोमीटर के आसपास के गांव में जाकर अपनी सेवा देता था। इस बार हुई चूक ने उसकी जान ले लिया। बुधवार शाम को गमहीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार किया गया।

### वृक्षारोपण के साथ स्वच्छता पखवाड़ा का समापन



**राजनांदगांव।** जन शिक्षण संस्थान द्वारा 16 से 31 जुलाई तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत जिले में संचालित प्रशिक्षण केंद्रों में स्वच्छता के संबंध में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जैसे चिचोला में स्वच्छता रैली, हल्दी में स्वच्छता स्लोगन, डोंगरगढ़ में चित्रकारी, कलडबरी में स्वच्छता पर भाषण प्रतियोगिता, मनगटा में स्वच्छता जागरूकता ब्रह्मकुमारीज के साथ मिलकर प्रमाण पत्र वितरण इत्यादि। इसी के साथ कार्यालय परिसर में साफ-सफाई तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम के साथ स्वच्छता पखवाड़ा का समापन किया गया।

## कांग्रेसजनों ने स्व. मुदलियार की जयंती पर उन्हें याद किया

# कांग्रेस की मजबूती के लिए समर्पित नेता थे उदय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्व. उदय मुदलियार की जयंती पर 31 जुलाई को शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में कांग्रेस भवन में संगोष्ठी सभा आयोजित कर पुष्पाजंलि अर्पित करते उनके योगदानों को याद किया गया।

सभा का संचालन करते शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि झीरम हमले में शहीद राजनांदगांव के पूर्व विधायक स्व. उदय मुदलियार की जयंती पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में शहीद स्व. मुदलियार की जयंती पर कामठी लाइन स्थित चुनाव कार्यालय में उनके तैलचित्र पर माल्यापर्ण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर स्व. मुदलियार अमर रहे के नारे लगाते संगोष्ठी सभा की शुरूआत हुई। इस दौरान संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू ने स्व. उदय मुदलियार को नमन करते कहा कि संगठन के प्रति समर्पित और जुझारू नेता थे। संगठन द्वारा जो भी उन्हें जिम्मेदारी दी, वह बखूबी निभाया। उनके साथ बिताएं पलों को याद करते कहा कि हमने एक निष्ठावान साथी खो दिया, जो गरीब जनता के हक के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे।



#### संगठन के प्रति थी अटूट आस्था

संगोष्ठी सभा को शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कांग्रेस बस्तर प्रभारी एवं राजनांदगांव के पूर्व विधायक स्व. मुदलियार को नमन करते कहा कि राजनांदगांव के लाडले सफल राजनेता एवं कुशल नेतृत्व के धनी थे उदय भैया। कांग्रेस संगठन के प्रति अटूट आस्था थी। स्व. मुदलियार की कही हुई बातें अविस्मरणीय है। उनके बताएं हुए मार्ग पर सभी को साथ लेकर चलने की आवश्यकता है।

#### प्रतिमा पर माल्यार्पण

कांग्रेसजनों ने दो मिनट मौन श्रद्धांजलि अर्पित की। संगोष्ठी सभा को वरिष्ठ कांग्रेसी कुतबुद्दीन सोलंकी, पूर्व युवा आयोग अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, इकरामुद्दीन सोलंकी, पंकज बांधव, शारदा तिवारी, ननि नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, सेवादल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, संगोष्ठी सभा के माध्यम से उनके साथ बिताए पलों को साझा कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात कांग्रेसजनों ने गायत्री मंदिर स्थित स्व. उदय मुदलियार की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
रिजर्वेशन कोच
10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घ्रुनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## निरीक्षण : गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं, तकनीकी अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

# कलेक्टर ने मोतिमपुर में मंडी बोर्ड निर्माण कार्यों की जांच की, तकनीकी अमलों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शुक्रवार को जिले के सहसपुर लोहारा विकासखंड के सुदूर वनांचल ग्राम मोतिमपुर का कलेक्टर गोपाल वर्मा ने भ्रमण कर वहां के कृषि उपज मंडी बोर्ड से स्वीकृत सामाजिक भवन निर्माण कार्यों की मौके पर जाकर गहन जांच की। इस अवसर पर उन्होंने निर्माण कार्यो की गुणवत्ता की परख करते हुए तकनीकी टीम को स्पष्ट निर्देश दिए कि गुणवत्ता के साथ कोई भी समझौता स्वीकार्य नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जब कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्माणाधीन भवन की दीवार का प्लास्टर स्वयं लोहे की रॉड से खुरच कर देखा, तो उसमें सीमेंट की मात्रा अपेक्षाकृत बेहद कम पाई गई। प्लास्टर बिना किसी विशेष दबाव के उखड़ गया। यह देख कर कलेक्टर ने तत्काल तकनीकी अमले को फटकार लगाई और गहरी नाराजगी प्रकट की। उन्होंने कहा कि निर्माण में लापरवाही या निम्न गुणवत्ता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्यों की नियमित निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए और कार्य प्रगति की निरंतर समीक्षा की जाए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू भी उपस्थित थें। उन्होंने निर्माण कार्यो की स्थिति की वस्तुनिष्ठ जानकारी ली। साथ ही अपर कलेक्टर विनय पोयम, सहसपुर लोहारा एसडीएम, जनपद पंचायत सीईओ और कृषि उपज मंडी बोर्ड के तकनीकी अधिकारी भी मौके पर उपस्थित थे। कलेक्टर श्री वर्मा ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि मंडी बोर्ड के अंतर्गत निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता, तकनीकी त्रुटि या देरी अब स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने निर्माण कार्यों की निगरानी के लिए एक प्रभावी समीक्षा तंत्र तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी जिम्मेदार अधिकारियों को अपनी भूमिका पूरी निष्ठा के साथ निभाने निर्देश दिए।

### कृषि उपज मंडी के 4.58 करोड़ लागत से 63 कार्य स्वीकृत, 28 पूर्ण, 35 कार्य प्रगति पर



कलेक्टर गोपाल वर्मा ने निरीक्षण के मंडी बोर्ड से स्वीकृत निर्माण कार्य की विस्तार से जानकारी ली और अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने अवगत कराया कि वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए कृषि उपज मंडी बोर्ड द्वारा 4 करोड़ 58 लाख 36 हजार रूपए की लागत से कुल 63 निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 28 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जबकि शेष 35 कार्य विभिन्न चरणों में प्रगति पर हैं। इनमें से एक कार्य प्लास्टर स्तर पर है। 6 कार्य स्लैब लेवल पर (1 माह में पूर्ण होने की संभावना) एक कार्य लिंटल लेवल पर 2 माह में पूर्ण होने की संभावना है। 9 कार्य फाउंडेशन-प्लिंथ स्तर पर 3 माह में पूर्ण कर लिया जाएगा। 8 कार्य लेआउट स्तर पर जिसे 4 माह में पूर्ण कर लिया जाएगा। 8 कार्य प्रारंभ नहीं हो पाए है और 2 कार्य ऐसे हैं जिनका कार्यादेश जारी नहीं हुआ है।

### कलेक्टर ने एसडीएम और जनपद सीईओ को सौंपा जिम्मा

कलेक्टर ने सहसपुर लोहारा एसडीएम और जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित किया कि वे अपने नियमित क्षेत्रीय भ्रमण में मंडी बोर्ड द्वारा स्वीकृत समस्त निर्माण कार्यों का निरीक्षण अनिवार्य रूप से करें और गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराएं।



## मां नर्मदा महिला बोल बम समिति ने किया डोंगरिया जलेश्वर महादेव में जलाभिषेक

- जलाभिषेक कर क्षेत्र के सुख, शांति की कामना की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

जिला मुख्यालय अंतर्गत मां नर्मदा महिला बोल बम समिति ग्राम दौजरी, सोनबरसा, बटुराकछार, बारदी द्वारा नर्मदा कुंड झिरना से पवित्र जल लेकर डोंगरिया जलेश्वर महादेव मंदिर में पदयात्रा कर जलाभिषेक किया। महिला बोल बम समिति अध्यक्ष देव चंद्रवंशी ने बताया कि यह पल हमारे महिलाएं के लिए परम गौरव का क्षण है, क्षेत्रवासियों की सुख-शांति व समृद्धि की जो संकल्प एवं कामना लेकर 30 जुलाई को कांवड़ यात्रा प्रारंभ की थी। जिसमें लगभग 350 से अधिक महिलाएं कांवड़ यात्रियों ने पुण्य यात्रा में अपनी सहभागिता निभाई। मां नर्मदा महिला बोल बम समिति ने इस यात्रा में यह सिद्ध कर दिया कि सच्ची श्रद्धा और दृढ़ संकल्प के साथ कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। श्रावण मास आस्था, अनुशासन और सेवा का अद्वितीय संगम है, जहां हर भक्त महादेव के प्रति आस्थावान होकर भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन रहते हैं तो वहीं कांवड़ यात्रा एक ऐसी परंपरा है, जो भक्ति, समर्पण और सामाजिक एकता का अनूठा संगम है। यह न केवल भगवान शिव के प्रति हमारी निष्ठा को दर्शाती है, बल्कि हमें मानवता, पर्यावरण संरक्षण और आत्म-शुद्धि के मूल्यों से भी जोड़ती है। मां नर्मदा और भगवान भोलेनाथ सबका कल्याण करें और सबके जीवन में सुख-समृद्धि का प्रवाह करें यही मंगलकामना श्रद्धा भाव से की गई।

## अंतर्राष्ट्रीय दवा प्रतिनिधि दिवस पर कवर्धा में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स ने मनाया वर्ल्ड एमआर डे



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अंतर्राष्ट्रीय दवा प्रतिनिधि दिवस के अवसर पर कवर्धा के मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स एमआर ने स्थानीय सुधा वाटिका में सादगी और सम्मान के साथ यह दिन मनाया। इस अवसर पर फार्मा क्षेत्र में काम कर रहे प्रतिनिधियों ने अपने संघर्षो, जिम्मेदारियों और समाज के प्रति अपने अदृश्य योगदान को याद किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दवा प्रतिनिधि संघ कवर्धा अध्यक्ष रेखचंद वर्मा, कोषाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, मीडिया प्रभारी गोविंद चंद्रवंशी साथ ही लेखराम चंद्रवंशी, परितोष केशरी, आशीष चंद्रवंशी समेत जिले के अनेक एमआर बड़ी संख्या में उपस्थित थे। एमआर स्वास्थ्य सेवा के गुमनाम नायक जब भी हम डॉक्टर से दवा लेते हैं, तो शायद ही कभी सोचते हैं कि वह दवा हमारे शहर तक कैसे पहुंची? इसके पीछे जो मेहनती और समर्पित चेहरा होता है, वह है मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव एमआर का जो व्यक्ति न मरीज को दिखता है, न ओपीडी में बैठता है, मगर वह डॉक्टर और दवा कंपनी के बीच एक मजबूत पुल बनकर खड़ा रहता है। हर दिन एक संघर्ष, हर दिन एक नई चुनौती एमआर का जीवन आसान नहीं होता सुबह तड़के घर से निकलना, क्लिनिक के बाहर घंटों इंतजार, बारिश, धूप या ठंड कोई रुकावट नहीं, होटल के बजाय मेडिकल स्टोर के पीछे खाना, दो मिनट की मुलाकात के लिए दो घंटे का इंतजार फिर भी वे हर दिन पूरे जुनून और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों को निभाते हैं। एमआर ही वे लोग हैं जो दवाओं की ब्रांडिंग करते हैं, डॉक्टरों तक नई दवाओं की जानकारी पहुंचाते हैं, सेमिनार आयोजित करते हैं, फील्ड रिपोर्ट तैयार करते हैं और मार्केट एनालिसिस कर कंपनी को दिशा दिखाते हैं। हर टारगेट के पीछे सिर्फ एक संख्या नहीं, बल्कि किसी परिवार की उम्मीद और सपनों की पूरी कहानी होती है। क्योंकि एमआर हैं हेल्थकेयर के अनदेखे हीरो आज अगर कोई मरीज दवा से ठीक हो रहा है, तो उस दवा के पीछे किसी एमआर की मेहनत, उसका पसीना और उसका समर्पण भी है। वर्ल्ड एमआर डे पर जरूरत है कि हम ऐसे सभी मेहनती और समर्पित मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स का आभार व्यक्त कर और उन्हें वह सम्मान दें, जिसके वे सच्चे हकदार हैं।

### अमलीमालगी महिला बोल बम समिति ने किया कावड़ पदयात्रा



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम अमलीमालगी महिला बोल बम समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी कांवड़ पदयात्रा की गई। जिसमें अमली-मालगी महिला बोल बम समिति द्वारा डोंगरिया स्थित जलेश्वर महादेव में जलाभिषेक किया। बताया जाता है कि अमलीमालगी महिला बोल बम समिति के 50 महिला एवं छोटे-छोटे बालिका सदस्यों द्वारा बोल बम व बाबा भोले नाथ के जयघोष के साथ कांवड़ पदयात्रा किया। वहीं विधि विधान से पूजा अर्चना व जलाभिषेक कर गांव व आसपास क्षेत्र के सुख, शांति व समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई। वहीं ग्राम अमलीमालगी महिला बोल बम समिति का नगर आगमन पर ग्रामवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया, गाजा बाजा के साथ डीजे के धून में नाचते गाते नगर भ्रमण कर बूढ़ा महादेव में जलाभिषेक किया गया। साथ ही साथ अमलीमालगी महिला एवं बालिका बोल बम कांवड़ियो में भारी उत्सव देखने को मिला।

## भोरमदेव शक्कर कारखाना परिसर में किसान भवन नवनिर्माण कार्य जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

जिले के प्रथम कारखाना भोरमदेव शक्कर कारखाना की उद्घाटन एवं शुरुआत 2003-04 में कांग्रेस की सत्ता में हुई थी, जो 22 वर्ष के बाद अब वर्तमान में किसान भवन की सौंगात दी गई। मिली जानकारी के अनुसार किसान भवन नव-निर्माण कार्य जोर शोर से दीवार रंग-रोगन, खिड़की, दरवाजा तथा प्लास्टर की जा रही है। वही भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना में जल्द ही किसान भवन कार्यालय की उद्घाटन के बाद क्षेत्र के ग्रामीण किसानों को बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिलेगी। यहां बताना लाजिमी होगा कि शासन-प्रशासन द्वारा कारखाना परिषर में किसान भवन की स्वीकृति लगभग 25 लाख रूपए की लागत राशि से नवनिर्माण कार्य किया जा रहा है, वहीं नवनिर्माण किसान भवन का उद्घाटन पश्चात गन्ना किसानों को बुनियादी सुविधा का लाभ मिलेगा।



### कोलेगांव में लोडर से नाली की साफ-सफाई की गई




**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत कोलेगांव स्थित वार्ड क्रमांक 10 में ग्राम पंचायत कोलेगांव सरपंच द्वारा शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 10 में लोडर मशीन के मदद से नाली की साफ सफाई कर अभियान चलाया। ग्राम पंचायत सरपंच व उपसरपंच द्वारा साफ सफाई की समस्या को देखते हुए तत्काल संज्ञान में लेते हुए जलभराव की समस्या को रोकने के लिए छोटी नालियों की सफाई कराई जा रही है। बताया जाता है कि साफ सफाई के अभाव में नाली गंदगी से पट चुकी थी, वहीं नाली पूरी तरह से बंद होने के कारण पानी निकासी की समस्या से वार्डवासियो को जुझना पड़ता था। जिस पर पंचायत द्वारा लोडर मशीन से वार्ड क्रमांक 10 की नाली की साफ सफाई कर गंदगी व मलबा को हटाया गया। इस दौरान ग्रापं सरपंच सुरेश ध्रुव, उप सरपंच विनय शर्मा, रामसहाय साहू, दुर्गेश साहू, पंचगण सहित वार्डवासी गण उपस्थित थें।

## देखरेख के अभाव में सांस्कृतिक भवन जर्जर दुर्घटना को दे रहा न्योता, जिम्मेदार अंनजान

- जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देने की जरूरत।

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत जरती के आश्रित ग्राम नाऊडीह स्थित सांस्कृतिक मंच देखरेख के अभाव में अत्यंत जर्जर और बदहाल हो चुके हैं। जिससे ग्रामीणों में चिंता का विषय व छोटी बड़ी दुर्घटना को न्योता दे रहा है। बताया जाता है कि देखरेख के अभाव मे सांस्कृतिक भवन अपनी बदहाली का आंसू बहा रही हैं, साथ ही साथ दिवार में मोटी मोटी दरार पड़ने से सांस्कृतिक भवन कभी भी भरभरा कर गिर सकता है। जो कि ग्रामवासियों के लिए अप्रिय घटना का आमंत्रण दे रहा है। जिस पर ग्रामीणों ने जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा क्षतिग्रस्त व जर्जर सांस्कृतिक भवन की मरम्मत व सुधार कराए जाने की मांग की है ताकि ग्रामीणों को सांस्कृतिक भवन का लाभ मिल सकें।



## पीजी कॉलेज में कारगिल विजय दिवस श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाया गया




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में कारगिल विजय दिवस श्रद्धा, राष्ट्रभक्ति एवं वीर शहीदों के सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल कवर्धा (ग्राम रबेली) के व्याख्याता एवं भूतपूर्व सैनिक जितेंद्र सिंह राजपूत उपस्थित थें। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ऋचा मिश्रा ने की। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) महिला एवं पुरुष इकाई के संयुक्त तत्वाधान में डॉ कविता कन्नौजे एवं डॉ राकेश चंदेल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने कारगिल विजय दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए तथा देश के प्रति समर्पण की भावना प्रकट की। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के वीर शहीद कौशल यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि जितेंद्र कुमार राजपूत जो कि स्वयं भारतीय सेना के भूतपूर्व सैनिक रह चुके हैं को महाविद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण दीपक कुमार देवांगन, नरेंद्र कुमार कुलमित्र, डॉ सुनीता जाखड़, डॉ सीमा मांडावी, संतोष डहरिया सहित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थें।

### कक्षा 10 वीं व 12 वीं के छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

## अभाविप ने आयोजित किया मेधावी छात्र सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला कबीरधाम इकाई कवर्धा के कार्यकर्ताओं ने मेधावी छात्र सम्मान समारोह व छात्र सम्मेलन का आयोजन पीजी कॉलेज आडिटोरियम में किया में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ नगर अध्यक्ष लोकनाथ देवांगन ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन के साथ किया, जिसमें उन्हें विद्यार्थी परिषद की कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद न केवल एक छात्र संगठन है, अपितु विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। परिषद न केवल छात्र की आवाज को बुलंद करता है साथ ही वनांचल क्षेत्र में गर्म वस्त्र, शिक्षा संबंधित समाग्री का भी वितरण अपने विभिन्न आयामों के माध्यम से करता है व आंदोलन प्रदर्शन के माध्यम से विद्यार्थियों की आवाज को बुलंद करता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने अपना उद्बोधन विद्यार्थीयों के मध्य रखा, जिसमें उन्हें सभी अतिथियों का अभिनंदन किया उन्होंने कहा की यह कार्यक्रम केवल एक कार्यक्रम नहीं है बल्कि यह विद्यार्थियों की कला का निखारने वाला कार्यक्रम है। जिसमें पहली बार ऐसा देखने को मिलेगा जहां एक ही मंच पर सभी विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। अभाविप के प्रांत संगठन मंत्री महेश साकेत ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदैव राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए कार्यरत रही है। आज कवर्धा में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह इसी संकल्प का सशक्त प्रतीक है। यह केवल सम्मान का अवसर नहीं, बल्कि उन विद्यार्थियों को प्रेरणा देने का क्षण है जिन्होंने कठिन परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता के बल पर सफलता प्राप्त की है , यह सम्मान समारोह हमारे युवाओं को यह संदेश देता है कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं और संस्कारों से ही नेतृत्व जन्म लेता है। विद्यार्थी परिषद ऐसे ही मेधावी और प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर एक सशक्त भारत के निर्माण में योगदान देने हेतु प्रतिबद्ध है। मुख्य अतिथि ईश्वरी साहू ने विद्यार्थी परिषद की सराहना करते हुए कहा कि यह मात्र एक ऐसा संगठन होगा जिसका काम शिक्षा, समाज, पर्यावरण व सेवा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में है इसमें काम करने वाले कार्यकर्ता निःस्वार्थ भाव से भारत में की सेवा में एक सच्चे सिपाही की तरह लगे हुए हैं।




कार्यक्रम में सभी स्कूलों के कक्षा 10 वीं व 12 वीं के मेघावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही इस कार्यक्रम में रंगोली, चित्रकला व सांस्कृतिक प्रतियोगिता का भी आयोजन हमारी संस्कृति हमारी धरोहर व एक पेड़ मां के नाम थीम पर आयोजित किया गया। जिसमें रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संस्कार पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान अशोका पब्लिक स्कूल, तृतीय स्थान खैरबना हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल व चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अभ्युदय स्कूल, द्वितीय स्थान अशोका पब्लिक स्कूल, तृतीय स्थान श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल को मिला रहे। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान गुरुकुल पब्लिक स्कूल तथा तृतीय स्थान अशोका पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप

### उद्योग और बैंकर्स मीट का आयोजन

**कवर्धा।** जिला प्रशासन कबीरधाम एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में रैम्प योजना के तहत एमएसएमई क्षेत्र के तीव्र विकास हेतु उद्योग एवं बैंकर्स मीट का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कबीरधाम की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जिले के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमी, महिला उद्यमी, अग्रणी जिला प्रबंधक, विभिन्न बैंकों एवं विभागों के अधिकारी, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स तथा डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन उपस्थित रहे। बैठक में महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र तथा बैंक प्रबंधकों द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। बैंकों की ओर से वित्तीय सहायता, ऋण सुविधाएं एवं अन्य बैंकिंग सेवाओं से संबंधित विषयों पर जानकारी साझा की गई। उद्यमियों और बैंक अधिकारियों के बीच प्रत्यक्ष संवाद के दौरान उद्यमियों ने अपने व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं को खुलकर रखा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने संबंधित बैंक अधिकारियों को समस्याओं के समाधान और यथासंभव सहायता प्रदान करने हेतु निर्देश दिए।

### किशोर न्याय व पॉक्सो एक्ट पर जागरूकता

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम) 2015 एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट) 2012 पर आधारित निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी और महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती चंचल यादव के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण अधिकारी सत्यनारायण राठौर के नेतृत्व में मिशन वात्सल्य चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की टीम द्वारा ग्राम धमकी स्थित शासकीय हाई स्कूल में स्कूली बच्चों के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में परियोजना समन्वयक महेश निर्मलकर ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एक राष्ट्रीय आपातकालीन सेवा है, जो 24 घंटे और सप्ताह के सातों दिन निःशुल्क रूप से उपलब्ध है।

**सावन:** प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में अमरकंटक से कवर्धा पहुंच रहे कांवड़िया

# श्रावण मास में शिव भक्ति की धूम, अंचल में गूंज रहा बोल बम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

श्रावण मास के पावन अवसर पर कवर्धा सहित अंचल में भगवान भोलेनाथ की भक्ति का अनुपम उत्सव देखने को मिल रहा है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धर्मनगरी कवर्धा, डोंगरिया, भोरमदेव और आसपास के ग्रामीण अंचलों में श्रद्धालुओं की आस्था की बाढ़ उमड़ पड़ी है। शिवभक्ति से ओतप्रोत वातावरण में बोल बम के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज रहा है। पवित्र श्रावण मास में हर दिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु कांवड़ यात्रा पर निकल रहे हैं। श्रद्धालुजन मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक से पवित्र जल कांवड़ में भरकर अंचल के प्रसिद्ध शिवधामों जालेश्वर महादेव घाट डोंगरिया, भोरमदेव मंदिर और सिद्धपीठ बुढ़ा महादेव मंदिर पहुंचते हैं, जहां विधिवत जलाभिषेक कर भगवान शिव का पूजन करते हैं। यह यात्रा न केवल एक धार्मिक कर्तव्य है बल्कि आत्मिक शांति और सामाजिक समरसता का प्रतीक बन गई है। कांवड़ यात्रा पूरी कर जब ये श्रद्धालु अपने गांव लौटते हैं, तो उनका स्वागत बड़े ही भव्य तरीके से किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में शिवभक्त गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और पुष्पवर्षा के साथ इन कांवड़ियों का अभिनंदन करते हैं। कई स्थानों पर सामूहिक भोज का आयोजन भी होता है, जहां भक्तगण एकत्र होकर भक्ति भाव से ओतप्रोत प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस पावन मास में जहां कांवड़ यात्रा लगातार जारी है वहीं शिवालयों में भी भक्तों की भारी भीड़ देखी जा रही है। कवर्धा के प्रमुख शिव मंदिरों में प्रतिदिन विशेष पूजा, रुद्राभिषेक, आरती और भजन संध्या का आयोजन हो रहा है। साथ ही शिव पुराण कथा, प्रवचन, कीर्तन और भक्ति जागरण जैसे धार्मिक आयोजनों से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। कवर्धा जिला प्रशासन एवं स्थानीय सामाजिक संगठनों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु आवश्यक प्रबंध भी किए जा रहे हैं। प्रमुख स्थलों पर पेयजल, चिकित्सा सहायता, यातायात नियंत्रण तथा साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की गई है, ताकि भक्तगण श्रद्धा और विश्वास के साथ अपनी भक्ति यात्रा पूर्ण कर सकें। माना जा रहा है कि श्रावण मास के अंतिम सोमवार को एक बार फिर शिवभक्ति का रेला देखने को मिलेगा, जब हजारों की संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक करने एकत्र होंगे। इस दिन विशेष रुद्राभिषेक, शिव पूजन तथा भंडारा जैसे आयोजनों की तैयारियां अभी से शुरू कर दी गई हैं। निश्चित रूप से श्रावण मास में अंचल में शिवभक्ति की यह परंपरा सनातन संस्कृति की गौरवशाली विरासत का जीवंत प्रमाण है, जो समाज को एकजुटता, संयम और श्रद्धा का संदेश देती है।

### अमरकंट से शुरू होती है पवित्र कांवड़ यात्रा



इस पवित्र कांवड़ पदयात्रा की शुरुआत अमरकंटक से होती है, जहां कावंड़िया मां नर्मदा की पवित्र जल भरकर कांवड़ उठाते हैं। इसके पश्चात यह विशाल कांवड़ यात्रा गोपालपुर, लमनी, खुड़िया, बजाक, हनुमतखोल, पोलमी, पंडरिया, पांडातराई, डोंगरिया, पोड़ी होते हुए भोरमदेव और फिर कवर्धा के पंचमुखी बूढ़ामहादेव की ओर अग्रसर होती है। पूरे मार्ग में भगवा रंग से रंगे हुए श्रद्धालुओं के जत्थे मनमोहक और श्रद्धावान दृश्य प्रस्तुत करते हैं, जो सावन की पावनता को और अधिक जीवंत बना देते हैं।



# कवर्धा में लाखों खर्च करने के बाद भी उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रही सुचारू रूप से बिजली

- उपभोक्ताओं ने व्यवस्था दुरूस्त कराने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बीते डेढ़ वर्ष में कवर्धा नगर की विद्युत व्यवस्था को सुधारने के नाम पर लाखों रुपए की राशि खर्च किए जाने के बावजूद आज भी नगरवासियों को सुचारू रूप से बिजली नहीं मिल पा रही है। जिला मुख्यालय कवर्धा में कई-कई बार हो रहे अनियमित पॉवर कट ने आम नागरिकों के साथ-साथ व्यवसायियों, दुकानदारों तथा विद्युत उपकरणों पर आधारित रोजगार से जुड़े लोगों की परेशानी बढ़ा दी है।

आलम यह है कि बिजली की आंख मिचौनी ने लोगों के दैनिक जीवन को प्रभावित कर दिया है। दुकानों में लगे फ्रिज, कम्प्यूटर, सीसीटीवी, ऑनलाइन ट्रांजेक्शन सिस्टम और अन्य विद्युत उपकरण हर थोड़ी देर में बंद हो जा रहे हैं, जिससे व्यवसायिक कार्य ठप पड़ रहे हैं। वहीं, घरों में भी पंखे-कूलर अचानक बंद हो जाने से बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे परेशान हो रहे हैं। कई इलाकों में तो घंटों तक बिजली नहीं रहती, जिससे मोबाइल चार्जिंग, वॉटर पंप चलाना और पढ़ाई जैसे कार्य बाधित हो रहे हैं।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस समय कवर्धा क्षेत्र में न तो भीषण गर्मी है और न ही भारी बारिश का दौर चल रहा है, जो तकनीकी कारणों से बिजली आपूर्ति को बाधित कर सके। इसके बाद भी बार-बार पॉवर कट होना आम जनता की समझ से परे है।

उपभोक्ताओं का कहना है कि विद्युत विभाग की लापरवाही और गैर-जवाबदेही इस समस्या की जड़ है। स्थानीय नागरिकों और व्यापारी संगठनों ने विद्युत विभाग के साथ शासन-प्रशासन तथा स्थानीय औहदेदार जनप्रतिनिधियों से इस समस्या के स्थाई समाधान की मांग की है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र ही इस दिशा में उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

नगरवासियों की अपेक्षा है कि जिस धनराशि का उपयोग विद्युत व्यवस्था सुधारने के लिए किया गया, उसका प्रभाव जमीनी स्तर पर भी नजर आना चाहिए।

# लगातार शिकायतों के बाद बोड़ला थाना प्रभारी लाइन अटैच

## दोषी पुलिस अधिकारी के खिलाफ खानापूर्ति कार्रवाई से पीड़ित परिवार असंतुष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बोड़ला पुलिस पर तथा कथित मामलों की जांच और पूछताछ के नाम पर लोगों को डराने, धमकाने, पैसों की मांग करने और झूठे मामलों में फंसाने के आरोप सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक ने 31 जुलाई को एक आदेश जारी करते हुए थाना प्रभारी राजेश चण्ड को लाईन अटैच कर दिया है।

हालांकि यह कार्यवाही इन्हीं शिकायतों के सामने आने के बाद की गई है इसका उल्लेख जारी आदेश में तो नहीं है लेकिन माना यही जा रहा है कि महज खानापूर्ति कार्यवाही इसी के चलते की गई है। उल्लेखनीय है कि बीते गुरूवार को बोड़ला थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत खड़ौदा खुर्द के आश्रित ग्राम तेंदूटोला निवासी ग्रामीण युवक माखन लाल यादव ने सुबह करीब 10.00 बजे अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। परिजनो का आरोप है कि बोड़ला पुलिस ने बीते मंगलवार को चोरी के एक मामले में मृतक माखन यादव पिता नारद यादव आयु 35 वर्ष के भाई गोपाल यादव को गिरफ्तार किया था।

मृतक के परिजनो ने खुलासा किया कि गोपाल की गिरफ्तारी के बाद बोड़ला पुलिस लगातार उसके घर पहुंचकर तथा कथित चोरी के संबंध में माखन और उसके परिजनो से पूछताछ कर उन्हें प्रताड़ित कर रही थी। मृतक के परिजनो ने बताया कि बोड़ला पुलिस की इसी प्रताड़ना से त्रस्त होकर गुरूवार को माखन ने मौका देखकर अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

माखन के आत्महत्या किए जाने के बाद आक्रोशित परिजनो तथा ग्रामीणों ने गुरूवार को ही मृतक का शव पोड़ी-पंडरिया मार्ग स्थित पाण्डातराई विद्युत कार्यालय के सामने राजकीय मार्ग में रखकर देरशाम तक चक्काजाम किया था और बोड़ला थाना के दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने, मृतक के परिजनो को मुआवजा दिए जाने तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की थी। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक ने एक आदेश जारी कर बोड़ला थाना प्रभारी का लाईन अटैच कर दिया। हालांकि मृतक के परिजन आरोपी पुलिस अधिकारी के खिलाफ की गई इस खानापूर्ति कार्यवाही से असंतुष्ट नजर आ रहे हैं और उन्होने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही किए जाने की मांग दोहराई है।

यहां बताना लाजिमी होगा कि बीते दिनो बोड़ला पुलिस की ही तथा कठित मामले की एक जांच और पूछताछ से त्रस्त बाप बेटा अपने शरीर में मिट्टी तेल डालकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय कवर्धा पहुंच गए थे और बोड़ला थाना प्रभारी के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए थे।

### प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा में न्योता भोज



**कवर्धा।** शासकीय प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा में गुरूवार को व्याख्याता संजय श्रीवास्तव द्वारा नेवता भोज का आयोजन किया गया। यह नेवता भोज इस सत्र 2025-26 के 40 दिन में चौथा नेवता भोज था। श्री श्रीवास्तव द्वारा लगातार प्रत्येक महिने प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा में 2023 से नेवता भोज कराया जा रहा है। संस्था प्रमुख सीडी भट्ट ने बताया गया कि कबीरधाम जिला में सत्र 2024-25 में सबसे ज्यादा 32 दिन शाला में न्यौता भोज कराने का गौरव प्राप्त हुआ है जो जिला में प्रथम स्थान पर रहा। गुरूवार को आयोजित न्यौता भोज कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। जिसके पश्चात श्री श्रीवास्तव ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। इस भोज में विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं, अभिभावक प्रतिनिधि एवं स्थानीय गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया गया था। भोज में छत्तीसगढ़ी परंपरागत व्यंजनों सहित विविध स्वादिष्ट पकवानों का समावेश किया गया था। विद्यालय के प्रधान पाठक सीडी भट्ट ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए श्री श्रीवास्तव को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यालय परिवार में आपसी मेलजोल, एकजुटता और सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है। कार्यक्रम का उद्देश्य सिर्फ पारंपरिक आतिथ्य सत्कार नहीं, बल्कि विद्यालयीन परिवार को एक सूत्र में पिरोने का एक प्रयास भी था।

# बने खाबो बने रहिबो अभियान कबीरधाम में 4 से 6 अगस्त तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा राज्य स्तर पर बने खाबो बने रहिबो नामक सघन जांच एवं जन-जागरूकता अभियान 4 अगस्त से 6 अगस्त तक चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कबीरधाम जिले में कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में यह अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान का प्रमुख उद्देश्य वर्षा ऋतु में बढ़ने वाले खाद्य संदूषण को रोकना, खाद्य सुरक्षा नियमों के प्रति जनजागरूकता फैलाना तथा स्ट्रीट फूड विक्रेताओं एवं होटल-रेस्टोरेंट संचालकों को एफएसएसएआई के दिशा-निर्देशों से अवगत कराना है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि नमी के कारण बारिश के मौसम में खाद्य पदार्थ तेजी से खराब होते हैं। ऐसे में दूषित भोजन से खाद्य विषाक्तता, उल्टी-दस्त, पेट दर्द, बुखार जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। साल्मोनेला, ई. कोलाई, नोरो वायरस व हेपेटाइटिस-ए जैसे रोगकारक जीवाणु दूषित भोजन और पानी के माध्यम से फैलते हैं। अभियान के दौरान जिले में स्ट्रीट फूड विक्रेताओं एवं रेस्टोरेंट्स का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की जाएगी। साथ ही मौके पर उपभोक्ताओं को भी सुरक्षित एवं स्वच्छ भोजन के महत्व की जानकारी दी जाएगी। जिला प्रशासन ने व्यापारियों से अपील की है कि वे व्यक्तिगत एवं किचन की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें, खाद्य सामग्री को स्वच्छ और सुरक्षित तरीके से संग्रहित करें, ताकि आमजन को सुरक्षित खाद्य उपलब्ध कराया जा सके। यह तीन दिवसीय अभियान जिलेभर में चलाया जाएगा, जिसमें खाद्य सुरक्षा अधिकारी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। लोगों से अपील की गई है कि वे स्वच्छ खानपान की आदतों को अपनाएं और अस्वच्छ खाद्य पदार्थों से बचें।

# चलती कार में लगी भीषण आग, कार खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा से होकर गुजरने वाले कवर्धा-बिलासपुर बायपास मार्ग के बीच में शुक्रवार की दोपहर उस हड़कंप मच गया जब पोड़ी से कवर्धा की ओर आ रही एक कार के इंजन से अचानक धुआं उठने लगा।

इस बात की भनक लगते ही कार चालक ने सतर्कता दिखाते हुए गाड़ी रोक कर बोनट खोला, लेकिन तभी इंजन में आग भड़क गई और चालक बाल-बाल बच गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और कार पूरी तरह आग के गोले में तब्दील होकर क्षतिग्रस्त हो गई। बताया जाता है कि कार में आग लगने की सूचना तत्काल कवर्धा दमकल अमले को दी गई लेकिन आरोप है कि दमकल अमला सूचना देने के करीब एक घंटे बाद घटना स्थल पर पहुंचा तब तक कार पूरी तरह से आग में खाक होकर नष्ट हो चुकी थी। इसे गनीमत ही कहें कि इस भीषण हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने समय रहते दूरी बनाकर बड़ा नुकसान टाल दिया। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि कार में आग किस कारण से लगी।

माना जा रहा है कि इस दुर्घटना से पीड़ित कार मालिक को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है।

**हादसा...**



**कवर्धा।** कवर्धा-बिलासपुर वाई पास के बीच कार के वोनट से उठा धूंआ और देखते ही देखते भड़क गई भीषण आग।

**कवर्धा सहित अंचल में फसल के अनुरूप बारिश होने से सोयाबीन फसल को फायदा**

# सोयाबीन कृषकों के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र की उपयोगी सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ में सोयाबीन की खेती कबीरधाम जिला में प्रमुखता से की जाती है। इस वर्ष लगभग 15 से 17 हजार हेक्टेयर में सोयाबीन की बुआई की गई है। प्रारंभ में वर्षा की अनियमितता के पश्चात गत सप्ताह हुई वर्षा के बाद सोयाबीन की स्थिति बेहतर हुई है।

कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक बीपी त्रिपाठी ने जिले के सोयाबीन उत्पादक किसानों के लिए उपयोगी सलाह दी है। वरिष्ठ वैज्ञानिक बीपी त्रिपाठी ने बताया कि जहां फसल 15-20 दिन की हो गई है, और अभी तक किसी भी प्रकार के खरतपतवारनाशक का प्रयोग नही किया गया है, सोयाबीन फसल में खरपतवार नियंत्रण के लिए अनुशंसित खड़ी फसल में खरपतवारनाशी प्रोपाकिव्जाफाप 2.6 प्रतिशत इमेझाथापायर 3.75 प्रतिशत एमई का 768 ग्राम/एकड़ या अन्य समान तकनीकी उत्पाद मात्रा का छिड़काव करें। जहां पर फसल 15 से 20 दिन की हो गई हो, पत्ती खाने वाले कीटों से सुरक्षा के लिए फूल आने से पहले ही सोयाबीन फसल में क्लोरइंट्रानिलिप्रोल 18.5 एस.सी. (60 मि.ली./एक?) या कोरिन और सामान्य तकनीकी उत्पाद का छिड़काव करें, इससे अगले 30 दिनों तक पर्णभक्षी कीटों से सुरक्षा मिलेगी।



इस समय तना मक्खी का प्रकोप प्रारंभ होने के सम्भावना होती है। उन्होंने बताया कि इसके नियंत्रण के लिए पूर्वमिश्रित कीटनाशक थायोमिथोक्सम 12.60 प्रतिशत लैम्बडा सायहेलोथ्रिन 09.50 प्रतिशत जेड सी (50 मि.ली./एकड़) या एलिका जैसे समान तकनीकी उत्पाद का छिड़काव करें। जहां पर जल भराव की स्थित है वहां उचित जल निकास की व्यवस्था करे। सोयाबीन में आवश्यकता तथा तेल की मात्रा में इजाफा के लिए सल्फर 20 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर छिड़काव किया जा सकता है। कृषक खेतों का सतत निगरानी करते रहें तथा किसी भी प्रकार की समस्या आने पर क्षेत्रीय कृषि अधिकारी एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों से संपर्क कर सकते है।

# निर्माण कार्यों के लिए 40 लाख 97 हजार की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की अनुशंसा पर कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा कवर्धा विधानसभा के अलग-अलग ग्रामों के 18 विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए विधायक निधि मद से 40 लाख 97 हजार 700 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। निर्माण कार्य के लिए संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बोड़ला, कवर्धा और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है। विधायक मद से कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड बोड़ला अंतर्गत ग्राम पंचायत खारा में बाबू पटेल के घर से आंगनबाड़ी केन्द्र तक सीसी रोड़ निर्माण के लिए 04 लाख रूपए, ग्राम खिरसाली में बीजाधरसा से प्राथमिक शाला भवन तक सड़क निर्माण के लिए 3 लाख 99 हजार 900 रूपए ग्राम पंचायत कांपा में धनुष साहू के डोली से सुखी कौशिक के डोली तक मुरूम सड़क निर्माण के लिए 1 लाख 99 हजार 700 रूपए, ग्राम पंचायत जैताटोला में चाहंटा मार्ग पर मुरूम सड़क निर्माण के लिए 99 हजार 900 रूपए, ग्राम कांपा में देवीचंद के घर से टेसराम के डोली तक मुरूम सड़क निर्माण के लिए 1 लाख 49 हजार 800 रूपए, रौचन से सेवईकछार, रौचन से ढोंगईटोला मार्ग में मुरूम सड़क निर्माण के लिए 2 लाख रूपए, ग्राम पचायत लालपुर कला में आहता निर्माण कार्य के लिए 2 लाख 49 हजार 600 रूपए,ग्राम पंचायत कांपा में राजाराम साहू के घर के पास सीसी रोड़ निर्माण के लिए 1 लाख रूपए, ग्राम पंचायत प्रभाटोला में मुख्य मार्ग से परसहा तक मुरूम सड़क निर्माण के लिए 2 लाख रूपए,ग्राम बेलपानी में नीवन प्राथकि शाला भवन मरम्मत कार्य के लिए 1 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। इसी तरह कवर्धा विकासखंड के ग्राम पंचायत बिजई के ग्राम चारभांठा में सीसी रोड़ निर्माण के लिए 3 लाख रूपए, सुखाताल हाईस्कूल पहुंचमार्ग पर मुरूम सड़क निर्माण के लिए 1 लाख 49 हजार 600 रूपए, घोठिया से झलका मार्ग पर मुरूम सड़क निर्माण के लिए 1 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम नेवारीगुढ़ा में खेल मैदान के लिए 3 लाख रूपए, ग्राम रबेली में गौठान से धनश्याम के घर तक मुरूम सड़क निर्माण के लिए 1 लाख 49 हजार 500 रूपए, शासकीय हाईस्कूल कोठार में सायकल स्टैण्ड निर्माण के लिए 2 लाख 50 हजार रूपए, कोदवा से सुखाताल मार्ग पर मुरूम सड़क निर्माण के लिए 1 लाख 99 हजार 700 रूपए और ग्राम पंचायत राजानवागांव में बाजारशेड निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है।